आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास

वर्ष : 5 | अंक : 135 | हापुड़, शनिवार 30 नवम्बर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06



## संभल में शाही जामा मस्जिद के आसपास पुलिस बल की तैनाती, सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में होगी पेश

संभल । संभल में शाही जामा मस्जिद के आसपास भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। हालात सामान्य है और सड़कों पर लोग चहलकदमी करते नजर आ रही है। स्कूल खुले हुए हैं लेकिन इंटरनेट सेवा बंद है। जामा मस्जिद के आसपास और गेट के बाहर देर रात अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। संभल थाने के आसपास हर चौराहे पर पुलिस कर्मी दिख रहे हैं। जुम्मे की आज नमाज है और कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। ऐसे में पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने मोबाइल सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर



100 से ज्यादा आरोपियों को चिह्नित किया है, जिनमें से अब तक 31 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस द्वारा हर आने-जाने वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर पुलिस फौरन कार्रवाई कर रही है। शासन की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि अगर कहीं भी किसी भी प्रकार की संदिग्ध स्थिति देखने को मिले, तो फौरन कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। समिति के गठन का आदेश उत्तर प्रदेश के गृह विभाग द्वारा गुरुवार को जारी किया गया था। राज्य के गृह विभाग के आदेश के अनुसार हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यी समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। समिति के दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन हैं। समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देनी होगी। 24 नवंबर की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। पुलिस का कहना है कि इस दौरान मस्जिद के पास अराजक तत्वों ने सर्वे टीम पर पथराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल बिगड़ता चला गया। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और अराजक तत्वों को चेतावनी भी दी। हिंसा के दौरान कई लोगों की मौत भी हुई।

## मोदी करेंगे पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शिरकत

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवंबर से एक दिसंबर तक ओडिशा में भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार यह सम्मेलन आज शुरू हो रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, नारकोटिक्स सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और साथ ही भारत में पुलिस के सामने आने वाली विभिन्न परिचालन, ढांचागत और कल्याण संबंधी समस्याओं पर स्वतंत्र रूप से चर्चा तथा बहस करने के लिए एक संवाद-मंच प्रदान करेगा। इसके विचार-विमर्श में आंतरिक सुरक्षा खतरों के अलावा अपराध नियंत्रण और कानून एवं व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों से निपटने में पेशेवर प्रथाओं और प्रक्रियाओं को तैयार करना और साझा करना शामिल होगा।



सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राज्य मंत्री (गृह मामले), राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

## दिल्ली की कानून-व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें अमित शाह -केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजधानी की कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं, तो अपने पद से इस्तीफा दे दें। श्री केजरीवाल ने विधानसभा में कहा कि आज से 10 साल पहले दिल्ली के लोगों ने हमें स्कूल-अस्पताल निर्माण, बिजली-पानी और सड़कें ठीक करने की जिम्मेदारी दी थी। हमने स्कूल-अस्पताल अच्छे कर दिए। दवाइयां मुफ्त कर दीं, बिजली ठीक कर दी। हमने कई इलाकों में पानी ठीक कर दिया? कई इलाकों में बाकी है, उसे भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आधी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के पास है और आधी जिम्मेदारी केंद्र सरकार के पास है। दिल्ली की जनता ने भाजपा की केंद्र सरकार को दिल्ली वालों को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी दी थी। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी श्री शाह के कंधों पर आती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में तेजी से दिल्ली की कानून-व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। खासतौर से 2019 में, जब से अमित शाह गृह मंत्री बने हैं, तब से दिल्ली की कानून-व्यवस्था और खराब होती जा रही है। इनसे दिल्ली संभल नहीं रही है। दिल्ली की कानून-व्यवस्था का बहुत बुरा हाल हो गया है। आए दिन हत्या की घटनाएं हो रही हैं। आप नेता ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हंगामा मचा रखा है और वह गुजरात के साबरमती जेल में बंद है। गुजरात में भाजपा की सरकार है। यह समझ नहीं आ रहा है कि लॉरेंस बिश्नोई वहां से दिल्ली में उगाही रैकेट कैसे चला रहा है? उन्होने कहा कि 26 अक्टूबर को बंबीहा गैंग ने पीतमपुरा में कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग की, 10 करोड़ की रंगदारी मांगी गई। सात नवंबर को पश्चिम विहार में एक हाइपर मार्केट के बाहर शूटरों ने गोलीबारी की। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में एक मोटर शॉप पर गोलीबारी की। उन्होंने कहा, दिल्ली के अंदर चल क्या रहा है? अमित शाह कर क्या रहे हैं? आखिर अमित शाह कहां हैं? पूरी दिल्ली को इन्होंने गिरोह को सौंप दिया है जैसे कि पूरी दिल्ली अब वही चला रहे हैं। इन्होंने दिल्ली का बुरा हाल करके रख दिया है। इनसे दिल्ली संभल नहीं रही है। उन्होंने आगे कहा कि श्री शाह को बताना पड़ेगा कि लॉरेंस बिश्नोई कौन हैं? क्या भाजपा ने लॉरेंस बिश्नोई को खुलेआम संरक्षण दे रखा है? वो साबरमती जेल से केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के अंदर अपना सारा काम चला रहा है। वह कैसे यह सब चला रहा है? उसको साबरमती के जेल के अंदर क्या-क्या सुविधाएं दी जा रही हैं? दिल्ली, कनाडा, अमेरिका और पूरी दुनिया के अंदर वो अपना कारोबार चला रहा है। क्या उसे भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है? अमित शाह को जवाब देना पड़ेगा कि अपराधी इतना बेखौफ क्यों हो गए हैं?मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज दिल्ली के हर कोने से शूटआउट की खबरें आ रही हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में 10 दिन के अंदर शूटआउट की सात घटनाएं हुई। कुछ तो शर्म करें, आप देश की राजधानी को चला रहे हो। दिल्ली में बढ़ते हुए अपराध का मुद्दा केवल एक राजनीतिक बहस का मुद्दा नहीं, बल्कि दिल्ली के आम आदमी की ज़िंदगी से जुड़ा मुद्दा है। दिल्ली की हर गली मं अपराध हो रहा है और ये लोग इसमें व्यस्त हैं कि केजरीवाल को चुनाव नहीं जीतने देना है। उनपर झूठे आरोप लगाते रहना है। हमें उम्मीद है कि देश के गृहमंत्री संज्ञान लेंगे कि उनकी कोई जिम्मेदारी है। अगर वह कानून व्यवस्था नहीं संभाल पाते हैं तो अपने पद से इस्तीफा दे दें।

## उपचुनाव की जीत से विपक्ष भयभीत, 2027 में इससे भी बड़ी होगी भाजपा की विजय - सीएम योगी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल



किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतरकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की, बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकर्ताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है। सीएम योगी ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि, चूंकि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

## अयोध्या से प्रयागराज तक विशेष हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की जाएगी

नई दिल्ली। अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से भी लैस किया जा रहा है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या से प्रयागराज तक विशेष हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के अशोका होटल में शुक्रवार को महाकुंभ-2025 को लेकर प्रिल्यूड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्री और संस्कृति एवं पर्यटन सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बधाई देते हुए कहा कि इस भव्य आयोजन के लिए सरकार ने पूरी तरह से तैयारी कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का सहयोग भी उत्तर प्रदेश सरकार को भरपूर मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हमारी सभ्यता-संस्कृति और सनातन धर्म के लिए एक विशेष महत्व रखता है, जिसका आयोजन जनवरी माह में प्रयागराज में किया जा रहा है। उसके लिए केंद्र और राज्य की सरकार अथक प्रयास कर रही है। लोगों को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं होगी। जयवीर सिंह ने कहा कि गंगा को साफ करने से लेकर लोगों के रहने के लिए टेंट सिटी की पूरी व्यवस्था कर दी गई है।

सारी तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। इस आयोजन में देश-विदेश से भी लोग आएंगे। भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, म्यांमार, ब्रिटेन, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, पोलैंड, ब्राजील, नाइजीरिया, जापान जैसे देशों के राजदूत एवं उच्चायोग के अधिकारियों को भी निमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था की जा रही है। हवाई सेवाओं से लेकर रेल और सड़क मार्ग से आवागमन की सारी व्यवस्थाएं की जा रही है। कुछ स्पेशल ट्रेनें और वंदे भारत को भी चलाने का प्रस्ताव सरकार ने पास किया है। इस बार हेलीकॉप्टर के जरिए प्रयागराज में लोगों को लाने और ले जाने की व्यवस्था रहेगी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या से प्रयागराज तक विशेष हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा महाकुंभ के दौरान सुरक्षा बंदोबस्त भी चाक-चौबंद रहेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएससी, सीआईएसएफ आदि को सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है। सीसीटीवी से लेकर के ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। इस बार महाकुंभ मेले में 35 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार उठा रही है कदम पंडित मोहन लाल बड़ौली

कुरुक्षेत्र। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कुरूक्षेत्र में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले दुभार्ग्यपूर्ण है। मोदी सरकार हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंतित है और उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस फोबिया से ग्रसित पार्टी है। बेहोशी की हालत में कांग्रेस के लोग अनाप शनाप बड़बड़ाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बाद ईवीएम को खराब बताना कांग्रेस की आदत बन गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार नॉन स्टॉप हरियाणा का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करने का काम नायब सरकार कर रही है। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली कुरूक्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने शाहबाद, पेहवा, थानेसर विधानसभा के प्रवास कार्यक्रम में भाग लिया। बडौली ने सदस्यता अभियान की समीक्षा की और सदस्यता अभियान को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद किया और आगामी चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित करने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गीताजयंती महोत्सव में भी शिरकत की और ब्रह्मसरोवर पर संध्या आरती में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अपील की कि वे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण ही हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर भाजपा का सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारा 50 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने का टारगेट है और हम जल्द ही पूरा करेंगे। एक सवाल पर बोलते हुए बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे वरिष्ठ नेता हैं और उन्हें ओछी राजनीति से बचना चाहिए। खड़गे को सलाह देते हुए बड़ौली ने कहा कि खड़गे जी को एक अच्छे डाक्टर से इलाज कराना चाहिए। एक अन्य सवाल पर बड़ौली ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा ने ना गरीबी देखी है और ना ही गरीब के दर्द को समझा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गरीब परिवार से हैं और गरीब की परेशानी और व्यथा को अच्छी तरह से समझते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा के विकास के लिए अनेकों योजनाएं चलाकर उन्हें सशक्त करने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अब तीन गुना गति से हरियाणा का विकास कर रहे हैं। कुरूक्षेत्र प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष सुशील राणा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, प्रदेश सचिव राहुण राणा, जिला महामंत्री तेजेंद्र गोल्डी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि बतान, राजकुमार सैनी, धूम्मन सिंह किरमच, गुरदयाल सुनहेडी, रविन्द्र सांगवान, कैप्टन परमजीत सिंह छह जिलों के जिला अध्यक्ष सहित भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## बस मार्शलों की बहाली पर अड़ंगा लगा रही भाजपा- आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी भाजपा की ओर से पहले मार्शलों का वेतन रोका गया फिर नौकरी से निकाला और अब मार्शलों की पुन: बहाली पर भी अड़ंगा लगा रहे है। सुश्री आतिशी ने आज विधानसभा में कहा, दिल्ली में जब कोई लड़की, कोई महिला पढ़ाई करती है, नौकरी पर जाती है तो डीटीसी बसों में उनके साथ जो दुर्व्यवहार होता है, उसे मैं अच्छी तरह से समझती हूँ। मुझे याद है जब मैं स्कूल जाती थी तो अक्सर स्कूल में एक्स्ट्रा क्लास, स्कूल ट्रेनिंग के लिए छुट्टी के बाद भी रोका जाता था। लेकिन तब तक स्कूल बस तो चली जाती थी तो जो बच्चे यहाँ रुकते थे उन्हें डीटीसी बस से वापस घर जाना होता था। अक्सर लड़कियों के माता-पिता लड़कियों को स्कूल में इसलिए नहीं रुकने देते थे क्योंकि उन्हें भरोसा नहीं था कि उनकी बेटियां सुरक्षित तरीके से घर वापस आ पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि, दिल्ली की लड़कियों का, महिलाओं का भाग्य उस दिन बदला जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बनें। आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली की पहली सरकार नहीं थी लेकिन अरविंद केजरीवाल पहले ऐसे नेता थे जिन्होंने दिल्ली की महिलाओं का दर्द समझा। पहले किसी सरकार ने यह नहीं सोचा था कि बसों में मार्शल लगाए जाए, बसों में महिलाओं से होने वाली बदतमीजी को रोका जाए लेकिन अरविंद केजरीवाल ने यह सोचा। उन्होंने कहा, 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हर बस में मार्शल लगाने की प्रक्रिया शुरू की गयी। इस प्रक्रिया में समय लगा लेकिन दिल्ली के हर डीटीसी बस में मार्शल तैनात किए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार, उनके



उपराज्यपाल वीके सक्सेना और उनके अफसरों ने 2015 से 2023 तक बस मार्शलों की सुचारू चल रही प्रक्रिया में अड़ंगा लगाना शुरू किया। उन्होंने कहा, मार्च 2023 से बस मार्शलों की तनख्वाह रोक दी गई। अक्टूबर 2023 में उपराज्यपाल ने सभी बस मार्शलों को हटा दिया। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं के बारे में नहीं सोचा। दिल्ली की लड़कियों के बारे में नहीं सोचा, 10 हज़ार बस मार्शलों के बारे में नहीं सोचा कि उनका क्या होगा। उन्होंने कहा कि, मैं बस मार्शलों को दाद देना चाहती हूँ कि उपराज्यपाल के न मानने के बाद भी नौकरी जाने के बाद भी इन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पिछले एक साल से लगातार सड़कों पर संघर्ष किया है। इन बस मार्शलों के संघर्ष में आम आदमी पार्टी के विधायकों ने और दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने साथ दिया। जो कंधे से कंधा मिलाकर बस मार्शलों के संघर्ष में उनके साथ रहे। इन्होंने बस मार्शलों के साथ डंडे खाए, गिरफ्तार हुए लेकिन बस मार्शलों का साथ नहीं छोड़ा। दिल्ली सरकार न सिर्फ़ इन 10,000 लड़के-लड़कियों को रोजगार देना चाहती है बल्कि महिलाओं को सुरक्षा भी देना चाहती है।

## संभल जामा मस्जिद की रिपोर्ट नहीं हुई पेश, अगली सुनवाई आठ जनवरी को

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल जामा मस्जिद सर्वे की रिपोर्ट शुक्रवार को जिला न्यायालय में पेश नहीं हो सकी। कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट पूरी न होने की बात बताते हुए 10 दिन का समय मांगा। रिपोर्ट अब 8 दिसंबर को पेश होगी। मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। कोर्ट कमिश्नर रमेश चंद्र राघव ने बताया कि सर्वे की रिपोर्ट अभी पूरी नहीं हुई है। कोर्ट से 10 दिन का समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई 8 जनवरी को होगी। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को पहला सर्वे और 24 को दूसरे सर्वे के दौरान हिंसा हो गई, इस कारण रिपोर्ट पूरी नहीं हो सकी। आज वो जमा भी नहीं हो सकी है। इसके कारण अदालत से समय मांगा है। शाही जामा मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता ने बताया कि हम मस्जिद की ओर से कोर्ट में पेश हुए और अनुरोध किया कि मामले से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां हमें दी जाएं और अदालत ने वही आदेश दिया। सर्वे रिपोर्ट आज जमा नहीं की गई। सर्वे टीम ने रिपोर्ट देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट में वादी पक्ष के वाद पत्र और उसके साथ लगाए सभी दस्तावेजों की कॉपी मांगी है। एप्लिकेशन लगाया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई आठ जनवरी को तय की है। ज्ञात हो कि संभल की जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर होने का दावा पेश करने के बाद मस्जिद में कराए जा रहे दूसरे चरण के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और पुलिस व प्रशासन के लोगों के घायल होने से हालत बिगड़ गए थे। स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई थी। फलिहाल संभल में तनावपूर्ण शांति है, लेकिन जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है।

## हादसों भरा रहा कानपुर देहात, शुक्रवार को सड़क हादसों में सात की मौत

कानपुर देहात। जनपद में शुक्रवार हादसों का दिन रहा । इस दिन सात लोगों ने सड़क हादसों में अपनी जान जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गवां दी है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कानपुर देहात में शुक्रवार सुबह से ही हादसों का सिलसिला शुरू हो गया। देखते ही देखते पोस्टमार्टम हाउस में शवों की संख्या बढ़ती रही और सात शाम होते-होते सात मौतों के बाद यह सिलसिला रुका। जनपद में पहला हादसा डेरापुर थाना क्षेत्र के मवई मुक्तापुर के पास हुआ, जहां निर्मला तिवारी, जो शिवराजपुर कथा सुनने जा रही थीं, उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।दूसरा हादसा अकबरपुर थाना क्षेत्र के बरौला में हुआ, जहां स्कूटी और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की मौत हो गई। जानकारी में पता चला कि अमित कुमार, दवा लेने अकबरपुर जा रहे थे तभी हादसा हुआ और उसमें उनकी और एक साथी की मौत हो गई। तीसरा हादसा गजनेर थाना क्षेत्र के गजनेर नवीपुर मार्ग पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकरा गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में सुशील और छुट्टन, गजनेर स्थित गेस्ट हाउस में वेटर के रूप में काम करते थे। चौथा हादसा अकबरपुर थाना क्षेत्र के नरिहा गांव के पास हुआ, जहां बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पीडब्ल्यूडी में कार्यरत सुरेश चंद्र को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि अकबरपुर, डेरापुर, और गजनेर थाना क्षेत्रों में हुए इन हादसों में सात लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने सभी मामलों की जांच शुरू कर दी है

# संपादकीय

## सूर्यदेव को प्रसन्न करना हो, तो रविवार को करें इस मंत्र से पूजा

रविवार सूर्य देव की पूजा का विशेष दिन है। अगर आपकी कुंडली में सूर्य का दोष है तो इस मंत्र के साथ पूजा जरुर करनी चाहिए। सूर्य देव बहुत ही जल्द प्रसन्न हो जाते है। जिससे सूर्य की कृपा व्यक्ति को समाज में मान-सम्मान प्राप्त होता है। साथ ही, नौकरी और भाग्य संबंधी परेशानियां भी सूर्य पूजा से दूर हो सकती हैं। हिंदू धर्म के शास्त्रों में सूर्य पूजा के लिए कई मंत्र बताए गए हैं, इन मंत्रों का जप सुबह-सुबह करना चाहिए। रविवार से शुरू करके हर रोज सूर्य मंत्रों का जप करें और सूर्य को जल अर्पित करें। ये उपाय सभी सुख प्रदान करने वाला माना गया है और सूर्य नमस्कार करने से बल, बुद्धि, विद्या, वैभव, तेज, ओज, पराक्रम व दिव्यता आती है। आपकी सभी परेशानियों से जल्द ही निजात मिल जाता है। जानिए रविवार के दिन किस तरह पूजा करनी चाहिए जिससे कि सूर्य भगवान जल्द ही आप पर प्रसन्न हो जाए। ऐसे करें सूर्य देव को प्रसन्न- रविवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान करें इसके बाद किसी मंदिर या घर में ही सूर्य को जल अर्पित करे इसके बाद पूजन में सूर्य देव के निमित्त लाल पुष्प, लाल चंदन, गुड़हल का फूल, चावल अर्पित करें। गुड़ या गुड़ से बनी मिठाई का भोग लगाएं और पवित्र मन से नीचें दिए हुए सूर्य मंत्र का जाप कर सकते हैं। यह मंत्र राष्ट्रवर्द्धन सूक्त से लिए गए है। साथ ही अपने माथें में लाल चंदन से तिलक लगाए। ऊं खखोल्काय शान्ताय करणत्रयहेतवे। निवेदयामि चात्मानं नमस्ते ज्ञानरूपिणे।। त्वमेव ब्रह्म परममापो ज्योती रसोमृत्तम्। भूर्भुवः स्वस्त्वमोङ्कारः सर्वो रुद्रः सनातनः।। आप चाहें तो इस दूसरें मंत्र का जाप कर सकती है....प्रातः स्मरामि खलु तत्सवितुर्वरेण्यम् रूपं हि मण्डलमृचोथ तनुर्यजूंषि। सामानि यस्य किरणाः प्रभवादिहेतुं ब्रह्माहरात्मकमलक्ष्यमचिन्त्यरूपम्।। या फिर इस मंत्र का जाप करे- उदसौ सूर्यो अगादुदिदं मामकं वचः। यथाहं शत्रुहोऽसान्यसपत्नःसपत्नहा।। सपत्नक्षयणो वृषाभिराष्ट्रो विष सहिः। यथाहभेषां वीराणां विराजानि जनस्य च।। इन मंत्रो का जाप करनें से आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाएगी और घर में सुख-शांति आएगी। साथ ही घर में शांति रहेगी जिससे घर में कभी धन की कमी नही होगी।

## मार्केटिंग एटीट्यूड है सफलता का राज

अधिकतर लोग सफलता का मूलमंत्र मेहनत को ही मानते हैं। यह सही भी है, क्योंकि कड़ी मेहनत-मशक्कत के बाद ही किसी भी फील्ड में कामयाबी की उम्मीद की जा सकती है। वहीं एक्सपर्ट कहते हैं कि बिना उद्देश्य और राइट एटीट्यूड के की गई मेहनत अक्सर व्यर्थ ही जाता है। यदि आप मार्केटिंग जॉब में हैं, तो यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां आपको मेहनत के साथ-साथ राइट एटीट्यूड और पॉजिटिव माइंडसेट के तहत काम करना होगा। मार्केटिंग प्रोफेशनल्स के रूप में आप पर कंपनी की साख को बढ़ाने और उसे कायम रखने की अहम जिम्मेदारी होती है। अपने वास्तविक टारगेट को पूरा करने में उनसे अक्सर चूक हो ही जाती है। दिलचस्प बात तो, यह है कि ऐसे मार्केटिंग प्रोफेशनल्स अपनी नाकामयाबी को बड़ी आसानी से यह कहते हुए टाल जाते हैं कि हमारे पास वे स्किल्स हैं ही नहीं, जिनसे प्रभावित होकर हमारे क्लाइंट्स इम्प्रेस हो सकें या मुझमें इतनी हिम्मत ही नहीं कि अमुक व्यक्ति की तरह मार्केटिंग कर सकूं! दरअसल, इस एटीट्यूड के साथ मार्केटिंग की जॉब न केवल मुश्किल हो सकती है, बल्कि आप इसमें कभी भी सफलता की उम्मीद नहीं कर सकते। या यूं कहें कि यह अप्रोच ही है, जो आपको राइट मार्केटिंग एटीट्यूड से दूर कर देता है। वहीं, यदि आप मार्केटिंग की जॉब में पॉजिटिव एटीट्यूड यानी आत्मविश्वास, उत्साह, अपने क्लाइंट की बातों में रुचि प्रदर्शित करते हैं, तो निःसंदेह इससे आपको आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं! जॉब को बनाएं पैशन जॉब कोई भी हो, यदि आप उसे पूरे पैशन से करते हैं, तो कामयाबी जरूर मिलती है। जहां तक मार्केटिंग जॉब की बात है, तो यह जॉब आपसे शत-प्रतिशत पैशन की मांग करती है। क्योंकि पैशन से ही आपके वास्तविक वर्क-स्टाइल के बारे में पता चलता है। निगेटिव एप्रोच से रहें दूर कहा भी यही गया है कि हम जैसा सोचते हैं, हमारे काम में वही सोच परिलक्षित होता है। अब आप यदि निगेटिव सोचेंगे, तो न आप अपनी जॉब से लगाव रख पाएंगे और न आपका टारगेट पूरा हो सकेगा! दिखाएं उत्साह याद रखें, किसी भी काम की कामयाबी में उत्साह का सबसे ज्यादा योगदान होता है। वैसे, आपने भी जरूर अनुभव किया होगा, जिन लोगों में उत्साह होता है, वे दूसरों में भी उत्साह का संचार कर जाते हैं। इसलिए मार्केटिंग की फील्ड में होने के कारण आपमें उत्साह का होना बहुत जरूरी है, ताकि आपके क्लाइंट आपकी प्रोडक्ट में दिलचस्पी दिखा सकें और आपको सही फीडबैक दे सकें। आत्मविश्वास है कुंजी आपको हर हाल में न केवल खुद पर, बल्कि अपने क्लाइंट पर भी पूरा भरोसा होना चाहिए। याद रहे, यह आत्मविश्वास ही है, जिसे सफलता की कुंजी कहा जाता है। चेंज के लिए रहें तैयार मार्केटिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमेशा चेंज की गुंजाइश बनी रहती है। क्योंकि यहां आपका पहला मकसद होता है क्लाइंट को संतुष्ट करना और ज्यादा-से-ज्यादा क्लाइंट्स जोडना। इसलिए जब भी लगे कि अमुक तकनीक में बदलाव की जरूरत है, आपको तत्काल उस तकनीक को अपना लेना चाहिए।

## 30 नवंबर 2024 का पंचांग






सूर्योदय- 06.55 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 05.53 प्रात-
चंद्र अस्त- 04.49 दोपहर
चंद्रमा- वृश्चिक राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना कार्तिक 29 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष- 15 पक्ष-कृष्ण पक्ष 14
तिथि-चतुर्दशी प्रात- 10.30 तक बाद में अमावस्या,नक्षत्र-विशाखा दोपहर 12.34 तक बाद में अनुराधा,
योग-अतिगंड दोपहर 04.44 तक बाद में सुकर्मा,करण-शकुनी प्रात- 10.34 तक बाद में चतुषपद रात्रि 11.14 तक बाद में नाग,
राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त प्रात- 11.54 से 12.37 तक दुमुहूर्त प्रात- 08.20 से 09.03 तक, अमृत काल रात्रि- 3.12 से 4.55 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.18 से 06.06 तक।

## आज 30 नवंबर का दैनिक राशिफल।

मेष-अस्पताल चलाते है तो मेनेजमेंट मुश्किल होगा, विद्यार्थियों को बायो की पढ़ाई में परेशानी होगी, मनोरंजन के क्षेत्र में उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ-पेंटिंग, गायन, वीडियोग्राफी के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, साज सज्जा, केटरिंग, बैंकट हाल का ठेका मिल सकता है, प्रेम संबंध में निकटता बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-82

मिथुन- नौकरी में इंटरव्यू दे सकते है, पुराने काम को छोड़ना चाहेंगे, घर में मेहमान आयेंगे, रिश्ते की बात चल सकती है, फर्नीचर व्यापार में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-65

कर्क-नेट के माध्यम से रिश्ता फिक्स हो सकता है, प्रेम सम्बंध भी आगे बढ़ेगा, लोगों को सलाह देने से आर्थिक लाभ होगा, पूजा पाठ से मन उचट सकता है।
भाग्य प्रतिशत-72

सिंह- पत्नी को स्वास्थ्य समस्या हो तो ध्यान रखें, मिष्ठान की दुकान चलेगी, रेस्टोरेंट, पेकिंग, गिफ्ट शॉप आदि व्यवसाय चलेगा, पीआर क्षेत्र में तरक्की करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

कन्या- खरीदारी करेंगे, मनोरंजन का भी मौका मिलेगा, थोड़ा खर्चा बढ़ेगा, महिला टेलर है तो काम बढ़ेगा,होटल मेनेजमेंट, फैशन हाऊस, व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-68

तुला- चिंता रहेगी, सोच विचार से खुद को दुखी ना करें, विदेश का प्लान था तो यात्रा होगी, ट्रांसपोर्ट, शिपिंग व्यवसाय,शौपिंग माल में दुकान चलेगी।
भाग्य प्रतिशत-70

वृश्चिक-अधिक नेकी करने से परेशान हो सकते है, दिमाग शांत रखने की जरूरत है, शिक्षा के माध्यम से कोई कार्य मिलेगा, झूठे बहानों से बचें।
भाग्य प्रतिशत-50

धनु- क्रिएटिव कार्यो से लाभ होगा, खुद में कुछ बदलाव करेंगे, प्रेम संबंध में ज्यादा ही मन लगेगा, पुराने घर में कुछ ठीक करवा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-72

मकर- दिमाग भटकने से बचाए, मानसिक थकन सम्भव है, मित्रों से लाभ होगा, लोगों को ज्यादा अपना लाभ ना लेने दे, पैसे की कमी रह सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ-सरकारी कार्य में करते समय अच्छे लहजे का ध्यान रखें,बनती बात बिगड़ सकती है, अकाउंट में पढ़ाई कर रहे है तो मुश्किल होगी, पत्नि से सहयोग मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-52

मीन- बातचीत करते समय ध्यान रखे, रिश्तों में दूरिया आ सकती है, अधिक चालाकी ना दिखाये, व्यवसाय को मन लगाकर आगे बढ़ा लेंगे, सुन्दर स्त्री से मेलजोल होगा।
भाग्य प्रतिशत-54

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार का सोशल मीडिया बैन कानून सोनम कपूर को पसंद आया



मुंबई । फैशन और ट्रेंड का खासा ख्याल रखने वाली सोनम को ऑस्ट्रेलियाई सरकार की सोशल मीडिया बैन वाली बात बहुत पसंद आई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसका इजहार भी किया है। 29 नवंबर की सुबह उन्होंने इंस्टा स्टोरी सेक्शन में ताबड़तोड़ तस्वीरें शेयर की। इनमें से एक ऑस्ट्रेलियाई सरकार के उस फैसले की तारीफ में था जिसमें सोशल मीडिया बैन की बात है। सोनम ने एक तस्वीर साझा की जिसमें प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज दिख रहे हैं और इस पर लिखा है- ऑस्ट्रेलिया ने अंडर 16 को सोशल मीडिया से बैन करने के लिए कानून पारित किया है। पहली बार नहीं है जब सोनम किसी सामाजिक, राजनीतिक मुद्दे पर अपनी राय जाहिर कर रही हों। हाल ही में उन्होंने बांग्लादेश के बिगड़ते हालात और हंगामे पर भी अपनी राय खुलकर रखी थी। लिखा था कि जो हो रहा है वो बहुत भयावह और डराने वाला है। सोनम सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। डे टू डे लाइफ का अपडेट देती रहती हैं। शुक्रवार की इंस्टास्टोरी में उनका लंदन प्रेम भी झलका है। सोनम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा था कि लंदन को लगातार दसवें साल दुनिया का सबसे बेहतरीन शहर माना गया है। पोस्ट को कैप्शन देते हुए सोनम ने लंदन के लिए अपने प्यार का इजहार किया। उन्होंने लिखा, मुझे तुम्हारी बहुत याद आती है लंदन, मैं तुमसे मिलने का इंतजार नहीं कर सकती। सोनम कपूर का पश्चिमी लंदन के नॉटिंग हिल में शानदार अपार्टमेंट है। वो अक्सर भारत और यूके आती जाती रहती हैं। सोनम ने उद्यमी आनंद आहूजा से शादी कई सालों की डेटिंग के बाद 2018 में शादी की थी। 2022 में इनके बेटे का जन्म हुआ जिसका नाम इन्होंने वायु रखा। सोनम ने 27 नवंबर को अपने माता-पिता, अनिल कपूर और सुनीता कपूर को शादी की मुबारकबाद भी इंस्टाग्राम के जरिए दी थी। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर, 'नीरजा' स्टार ने कैप्शन में लिखा था, दुनिया में मेरे पसंदीदा लोग सुनीता कपूर और अनिल कपूर- मेरे माता-पिता हैं और इसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं।

## रजनीकांत की 'जेलर 2' का धांसू पोस्टर आउट, दमदार अंदाज में दिखा हर एक कैरेक्टर




मुंबई । 'थलाइवा' की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जेलर 2' का नया पोस्टर आ चुका है। बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर हिट का टैग लेने वाली रजनीकांत की फिल्म के नए पोस्टर में हर एक कैरेक्टर का दमदार लुक सामने आया है। प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म से जुड़े पोस्टर्स शेयर कर कैप्शन में लिखा, जब 'जेलर' के कैरेक्टर्स इंचार्ज हों तो कोई आधा-अधूरा काम नहीं होता। पहली पोस्टर में रजनीकांत अपने दमदार अंदाज में दिख रहे हैं और उनकी हाथ में बंदूक है। वहीं, दूसरी में मोहनलाल, शिवा राजकुमार के साथ ही जैकी श्रॉफ समेत अन्य मंझे हुए सितारे हैं। फिल्म में 'लियो' अभिनेत्री राम्या कृष्णन, तमन्ना भाटिया, योगी बाबू और वसंत रवि जैसे शानदार सितारे लिस्ट में शामिल हैं। 'जेलर 2' के लेखक और निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं। यह फिल्म 'जेलर' का सीक्वल है, जिसका टाइटल मेकर्स ने 'जेलर 2' दिया है। 'जेलर' सिनेमाघरों में हिंदी के साथ ही तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर हुई थी। यह एक रिटायर्ड जेलर टाइगर मुथुवेल पांडियन के जीवन की कहानी है। फिल्म में जेलर के रूप में थलाइवा रजनीकांत दमदार अंदाज में नजर आए सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित, फिल्म में रजनीकांत के साथ ही राम्या कृष्णन, योगी बाबू, विनायकन, तमन्ना भाटिया और मास्टर ऋत्विक भी महत्वपूर्ण रोल में थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत के दामाद और साउथ एक्टर धनुष भी 'जेलर 2' में नजर आ सकते हैं। हालांकि, इसकी अभी प्रोडक्शन हाउस ने पुष्टि नहीं की है।

## शेयर बाजार में रौनक लौटी, सेंसेक्स 759 अंक उछला



मुंबई । वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर चुनिंदा दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली आने से बाजार में शुक्रवार को अच्छी तेजी रही और सेंसेक्स 759 अंक तथा निफ्टी 217 अंक चढ़कर बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज में निचले स्तर पर खरीदारी आने से बाजार में तेजी का माहौल बना। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 759.05 अंक यानी 0.96 प्रतिशत उछलकर 79,802.79 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 880.16 अंक बढ़कर 79,923.90 तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 216.95 अंक यानी 0.91 प्रतिशत चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ। इस तरह बाजार पिछले सत्र में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 1,190.34 अंक गिरकर 79,043.74 और निफ्टी 360.75 अंक टूटकर 23,914.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन और टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार की तेजी में अदाणी समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयरों में रही तेजी की भी भूमिका रही। अदाणी ग्रीन एनर्जी में 21.72 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 15.56 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। छोटी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत एवं मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.31 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान की निक्की गिरकर बंद हुए।
यूरोप के ज्यादातर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को 'थैंक्सगिविंग' के त्योहार पर बंद रहे।
इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 73.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 11,756.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

## जोधपुर में हैं सारा अली खान, छत से दिखाई 'ब्ल्यू सिटी'



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान घूमने और देसी खाने की शौकीन हैं ये कई बार उन्होंने जाहिर भी किया है। वो राजस्थान की सूर्यनगरी जोधपुर में हैं। इसके साथ ही लेटेस्ट तस्वीर लजीज व्यंजनों के प्रति उनके 'प्रेम' को दर्शाता है। सारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में स्वादिष्ट व्यंजनों की एक तस्वीर साझा की। जिसमें एक दाल, सब्जी, चावल और रोटी शामिल हैं। अभिनेत्री ने पूल के किनारे अलाव की एक तस्वीर भी साझा की, जो एक शानदार हेरिटेज होटल जैसा दिखाई दे रहा है। इस पोस्ट को उन्होंने कोई कैप्शन तो नहीं दिया लेकिन राजस्थान का जियोटैग लगाया। दो थालियां और उनमें विशुद्ध राजस्थानी पकवान सजे दिखे थे। इसकी अगली तस्वीर ब्ल्यू सिटी का दीदार कराती है। ये कोलाज है। जिसमें छत है और उस पर धूप सेंकती अदाकारा हैं। इसमें उन्होंने लिखा है जोधपुर द ब्ल्यू सिटी। हाल ही में सारा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें अपने पसंदीदा विंटर फूड का जिक्र था। टेबल पर सर्दियों की हरी सब्जियां रखी हुई थी एक पर उंधियू लिखा था जबकि दूसरे पर सरसों का साग लिखा था। अभिनेत्री ने पोस्ट पर ताजा और साग पनीर स्टिकर जोड़े थे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरी दो पसंदीदा चीजें, सर्दी आ गई है। इसी बीच सारा को पैपराजी से बचाते हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जैसे ही पैपराजी उनकी तस्वीरें खींचने के लिए इकट्ठा हुए, एक बुजुर्ग व्यक्ति उसे कैमरों से बचाने के लिए आगे बढ़ा। वह आदमी काफी आगे चला गया, यहां तक कि पैपराजी से कैमरा फोन भी छीन लिया और उनके एंगल को बंद कर दिया, जिससे सारा सहित सभी लोग पूरी तरह से दंग रह गए। हंगामे के बीच अभिनेत्री ने अपने हाथों से इशारा करते हुए पूछा, क्या हो रहा है? अभिनेत्री आयुष्मान खुराना के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। आकाश कौशिक द्वारा निर्देशित (अभी तक शीर्षकहीन) फिल्म को एक जासूसी कॉमेडी बताया जा रहा है।

## दिलजीत दोसांझ ने हवाई जहाज में जो खाया वो दिखाया, शेफ बरार ने दिया 'तगड़ा' जवाब



मुंबई । पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने चार्टर्ड फ्लाइट से एक तस्वीर साझा की। जिस पर कमेंट करने से जाने माने शेफ रणवीर बराड़ खुद को रोक नहीं पाए। उनकी ये टिप्पणी पारखी नजरों की कहानी कह रही है। कोलकाता में परफॉर्म करने के लिए तैयार दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर अपनी चार्टर्ड फ्लाइट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेता-गायक ने दिखाया कि उनके खाने में सलाद, चपाती और पनीर की ग्रेवी शामिल थी। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, अगला पड़ाव कोलकाता। (मतलब कोलकाता में शो होगा।) सिंगर की ओर से शेयर की गई इन तस्वीरों ने शेफ रणवीर बरार का ध्यान खींचा है, जिन्होंने हाल ही में करीना कपूर खान अभिनीत फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में काम किया है। कमेंट सेक्शन में उन्होंने लिखा, पाजी पनीर तगड़ा लगदा ऐ! (पनीर लजीज लग रहा है) दिलजीत इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। देश के कई शहरों में शो कर रहे हैं। वो मुंबई, हैदराबाद समेत कई शहरों में परफॉर्म कर चुके हैं। हर इवेंट खास हो रहा है। हाल ही में पुणे में स्टार ने एक व्यक्ति का दिन और भी खास बना दिया, जब पुणे में उनके कॉन्सर्ट के दौरान प्रशंसक ने मंच पर अपनी गर्लफ्रेंड को प्रपोज किया। इस दौरान भी दोसांझ ने गाना जारी रखा। इस कार्यक्रम के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें एक व्यक्ति मंच पर अपनी प्रेमिका को शादी के लिए प्रपोज करने के लिए घुटनों के बल बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। प्रपोजल के बाद, उस व्यक्ति ने लड़की के हाथ चूमे और उसे गले लगाया। इस दौरान, दिलजीत को उनके पास गाते हुए सुना गया। वह ताली बजाते हुए दर्शकों से भी ताली बजाने की अपील करते नजर आए। इसके बाद, यह जोड़ा गायक-अभिनेता के पास जाकर उनसे हाथ मिलाता दिखा। कोलकाता के बाद दिलजीत बेंगलुरु, इंदौर और चंडीगढ़ की यात्रा करेंगे। उनका दौरा 29 दिसंबर को गुवाहाटी में समाप्त होगा। दिलजीत को आखिरी बार जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 में देखा गया था। इसमें नीरू बाजवा भी हैं। यह फिल्म ब्रिटेन में एक मिशन पर गए दो पुलिस अधिकारियों की कहानी है, जो मन ही मन एक-दूसरे से प्यार करते हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि उनकी भावनाएं एक-दूसरे के प्रति पारस्परिक नहीं हैं, जिसके कारण वह पहले एक-दूसरे से अपने प्यार का इजहार करवाने की कोशिश करते हैं।

## परफ़ॉर्मेंस स्टाइल को लेकर मलायका और गीता में झड़प





मुंबई । डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसर-चैंपियंस का टशन में मलायका अरोड़ा और गीता कपूर के बीच परफ़ॉर्मेंस स्टाइल को झड़प देखने को मिलेगी। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसर- चैंपियंस का टशन अपने दमदार एपिसोड के साथ मंच पर धूम मचाने के लिए तैयार है। हर्ष लिंबाचिया की मेज़बानी वाले, इस शो में टीम की मालकिन मलायका अरोड़ा इंडियाज़ बेस्ट डांसर की बेहतरीन प्रतिभाओं का समर्थन करती नज़र आ रही हैं, जबकि टीम की मालकिन गीता कपूर सुपर डांसर की युवा प्रतिभाओं का सपोर्ट कर रही हैं, जिनके साथ वे इस अल्टीमेट डांस प्रतियोगिता में एक-दूसरे से भिड़ रही हैं। %डांस के भगवान% रेमो डिसूज़ा इस जज पैनल के शीर्ष पर बैठे हैं, जिनके साथ यह शो बारह बेहतरीन डांसर्स को पेश करता है - छह इंडियाज़ बेस्ट डांसर से और छह सुपर डांसर से। इन्हें दो प्रतिद्वंद्वी टीमों में बांटा गया है, और हर टीम का नेतृत्व तीन प्रसिद्ध कोरियोग्राफ़र कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जोश अपने चरम पर होगा क्योंकि रेमो डिसूज़ा का विशेष पहिया, पहिया-ए-परेशानी, रोमांचक गाना एक, डांस अनेक चैलेंज के साथ दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमों को एक अनूठी चुनौती देगा। नियम? दोनों ही टीमों के इन प्रतिभाशाली डांसर्स को फिल्म जिस देश में गंगा रहता है के गाने प्रेम जाल पर परफ़ॉर्म करना होगा, लेकिन अपने परफ़ॉर्मेंस में दो बहुत अलग स्टाइल्स का प्रदर्शन करना होगा। इसके बाद जज यह तय करेंगे कि गाने के साथ सबसे अच्छा न्याय किसने किया। मलायका ने अपनी टीम की बोनलेस वंडर, देबापर्णा को चुना, जबकि सुपर डांसर टीम की मालकिन गीता कपूर ने अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए तुषार और रूपसा को चुना, जिन्हें तुरूप के नाम से भी जाना जाता है। देबपर्णा ने एक ड्रामैटिक एन्ट्री लेकर शुरुआत की और कई स्टंट किए जो देखने में बेहतरीन थे। रेमो डिसूज़ा उनके अनूठे दृष्टिकोण से हैरान थे। उन्होंने कहा, आपने जो स्पाइडरमैन का किरदार निभाया वह शानदार था। आपने जिस तरह से सेमी-क्लासिकल पहलू को पेश किया, वह प्रभावशाली था। आपने दी गई चुनौती के साथ न्याय किया। हालांकि, गीता उतनी प्रभावित नहीं थी। उन्होंने कहा, आपकी एंट्री बहुत बढ़िया थी, लेकिन मुझे डांसिंग बिट्स में स्पष्टता नहीं दिखी। स्टंट अच्छे थे, लेकिन डांसिंग के हिस्से पार्ट्स में बारीकी कम थी। कोशिश की गई, लेकिन यह पर्याप्त स्पष्ट नहीं था, खासकर ट्रांज़िशन में। जैसी कि उम्मीद थी, मलायका ने गीता के समीक्षा पर असहमति जताई और जवाब दिया, मैं गीता से सहमत नहीं हूं। उन्हें क्या लगता है, इसे मैं समझती हूं, लेकिन मेरे लिए यह परफ़ॉर्मेंस दमदार था। देखते हैं कि आगे क्या होता है। इसके बाद तुषार और रूपसा थे, जिन्होंने इसी गाने पर अपना अनोखा अंदाज़ पेश किया। परफ़ॉर्मेंस में हाई एनर्जी और बोल्ड स्टंट थे, लेकिन तुषार की एनर्जी लेवल से मलायका खुश नहीं थीं। उन्होंने तीखी टिप्पणी की, रूपसा, आप एनर्जी से भरी हुई थी, और डांस करते समय आप बहुत परिपक्व लग रही थी। लेकिन तुषार, आज आपकी एनर्जी कम लग रही थी। आप धुएं, रोशनी, आग और हवा जैसे प्रॉप्स के पीछे छिप नहीं सकते-ये केवल परफ़ॉर्मेंस को बढ़ा सकते हैं लेकिन यह आधार है; हमें असली ब्लू डांस दिखाओ। गीता ने अपनी टीम का बचाव करते हुए जवाब दिया, अगर आप प्रॉप्स को आधार कहेंगे, तो मैं कहूंगी कि आप ट्रिक्स के पीछे नहीं छुप सकते। उनका परफ़ॉर्मेंस सिर्फ स्टंट से कहीं ज़्यादा डांस के बारे में था। इस गरमागरम बहस में मध्यस्थता करने की कोशिश करते हुए, रेमो ने दोनों टीमों की मालकिनों के साथ अपनी असहमति व्यक्त की और कहा, दोनों परफ़ॉर्मेंस के अपने-अपने अनूठे दृष्टिकोण थे। फ़ॉर्म और कॉन्सेप्ट भिन्न थे, लेकिन मुख्य बात यह है कि गाने के साथ किसने बेहतर ढंग से न्याय किया। कंटर्शन डांस का ही एक रूप है, आप इसे स्टंट नहीं कह सकते और देबापर्णा ने अच्छा परफ़ॉर्म किया। दोनों टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से तुषार को लेकर मलायका की राय से असहमत हूं। मुझे लगा कि उनका परफ़ॉर्मेंस शानदार था। अल्टीमेट डांस बैटल 'आईबीडी वर्सेस एसडीः चैंपियंस' का टशन शनिवार और रविवार शाम 7.30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर! प्रसारित होगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## राजस्व टीम के साथ मारपीट के मामले को लेकर लेखपालों की हड़ताल नौवे दिन भी जारी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील में शुक्रवार को नौवे दिन भी लेखपालों का धरना जारी रहा राजस्व टीम के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने को लेकर लेखपालों में रोष पनप रहा है और उसी को लेकर जनपद भर की सातों तहसीलों के लेखपाल भी धरने पर बैठे हैं लेखपालों की हड़ताल से तहसील में कामकाज प्रभावित हो रहा है। उधर उत्तर प्रदेश लेखपाल चकबंदी संघ एवं उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ शाखा बुलंदशहर भी लेखपालों के समर्थन में जल्द उतरेगा लेखपालों की हड़ताल आरोपियों की गिरफ्तारी न होने को लेकर बढ़ती ही जा रही है।

## जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न, पुलिस रही हाई अलर्ट



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर। शुक्रवार को नगर में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। एसडीएम दीपक कुमार पाल,सीओ विकास प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर में भारी पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गश्त किया। वही नगर की जामा मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा। पैदल मार्च कोतवाली से शुरू होकर खुर्जा बस अड्डा बड़ा बाजार छोटा बाजार मोती चौक सराफा बाजार जवाहर मंडी, अन्य मार्गो से होकर गुजरा। इस दौरान नवांगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडेय, सिटी इंचार्ज आदेश कुमार व थाना पुलिस बल आदि मौजूद रहे।

## गंगावास पहाड़ा गांव के पास हुई घटना



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

जहांगीराबाद। क्षेत्र में गुरुवार की सायं ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत का मामला सामन आया है। युवक की मौत की खबर से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव डूंगरा जाट मोड़ के निकट गंगावास पहाड़ा में ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर पर बैठे नगर के मौहल्ला जटियान निवासी युवक सुंदर पुत्र बेल सिंह उम्र करीब 36 वर्ष की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत की खबर से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि गांव डूंगरा जाट निवासी एक व्यक्ति उसे घर से बुलाकर ले गया था जबकि गुरुवार कि शाम उन्हें उसकी मौत की सूचना मिली है। वहीं सीओ अनूपशहर गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से एक युवक के दबने की सूचना मिली थी। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक युवक सुंदर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

## हेलमेट जागरुकता अभियान चलाया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। में यातायात माह के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक नगर श्री ऋजुल द्वारा थाना औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत जहांगीराबाद चौराहे पर थाना औरंगाबाद पुलिस के साथ हेलमेट जागरुकता अभियान चलाया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहन रखे थे उन्हें हेलमेट पहनने की नसीहत दी और जरूरतमंदों को हेलमेट का वितरण किया । इस अवसर पर थाना प्रभारी औरंगाबाद श्री नीतीश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## सभल हरिहर मंदिर पर जाते हुए शिव सैनिकों को रोका



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। आज संभल हरिहर मंदिर पर जाते हुए शिव सैनिकों को रोका सर्वेश राणा जिला अध्यक्ष शिवसेना सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राजकुमार गिरी प्रदेश सचिव सरोज रानी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा जसवंत सिंह जिला प्रवक्ता आदि शिव सैनिकों को पुलिस ने जिला कार्यालय पर रोका।

## तीन माह की मासूम कीर्ति की जमीन पर गिरने से मौत आरोपी महिला को पुलिस ने लिया हिरासत में

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर। कोतवाली क्षेत्र के हिरनौट गांव की आरोपी विवाहिता लड़की ने पड़ोस में रहने वाली तीन माह की मासूम को मंदबुद्धि मां के धक्का मार दिया। मॉ की गोद से बच्ची छूट कर जमीन पर गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने आरोपी विवाहित लड़की को गाँव से गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हिरनौट मैं कीर्ति उम्र करीब 3 माह पुत्री प्रकाश सिंह ने 6 माह से गांव में रह रही एक विवाहिता लड़की पर पिछले एक माह से चल रहे बच्चों के विवाद को लेकर कीर्ति की मंदबुद्धि मां विनीता में धक्का मार दिया। मंदबुद्धि मां की गोदी में से कीर्ति छूटकर जमीन पर गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । हालांकि कीर्ति के पिता प्रकाश के द्वारा लगाए गए आरोप के अनुसार गांव की विवाहिता लड़की को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर ले गई।

फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दर्दनाक मौत की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई । सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव की आरोपी विवाहित लड़की को अपने पिता के घर पिछले 6 माह से रह रही पिता के घर के पास से ही आरोपी लड़की को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी प्रखर पांडे ने बताया कि आरोपी विवाहिता को पिता के घर से पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर लिया है। कीर्ति के





परिजनों की तरफ से समाचार लिखे जाने तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बच्ची की मौत से परिजनों में मचा कोहराम रो रो कर बुरा हाल।

## मैरिज हॉल/बैकंट हॉल व लॉज मालिको के साथ गोष्ठी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार के निर्देशन में सिहायक पुलिस अधीक्षक नगर श्री ऋजुल द्वारा थाना कोतवाली नगर परिसर में थाना कोतवाली नगर व कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी मैरिज हॉल/बैकंट हॉल/लॉज के मालिको के साथ गोष्ठी कर निम्न लिखित निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री अनिल कुमार शाही, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी यातायात श्री संजय वर्मा उपस्थित रहें। 1. सभी मैरिज हॉल व बैकंट हॉल के सामने ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुये कोई भी गाडी बाहर न खडी की जाये। 2.सभी गडियों को पर्किग स्थल पर ही खडा किया जाये ।3. अपने-अपने मैरिज हॉल एव बैकंट हॉल पर गार्ड की व्यवस्था करें ।4. मैरिज हॉल व बैकंट हॉल के सामने जाम की स्थिति



पैदा न हो ताकि आमजन व आने जाने वाले वाहनो को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे ।5. सभी अपने-अपने मैरिज हॉल, बैकंट हॉल व लाँज मे पर्किग स्थल की व्यवस्था करेगे ।6. रात्रि 10.00 बजे के बाद डी.जे का प्रयोग न करे। 7. डी.जे पर कम बैस का प्रयोग करे । 8. कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे आने जाने वाले ट्रैफिक व आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पडे 9. सभी व्यवस्थाये लॉज मालिक व बैकंट हॉल मालिक स्वंय करें। 10. सभी नियमो का पालन भली भाति पालन करे, जिससे किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो ।11. सभी ऊपर दिये गये निर्देश का कडाई से पालन करें ।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्रोन से निगरानी-पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, संकरी गलियों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का किया सर्व



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

औरंगाबाद। थाना पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से कसबा औरंगाबाद की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बा औरंगाबाद के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया। बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन पर शासन की मंशा के अनुरूप कस्बे में सुरक्षा और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए ड्रोन कैमरों के माध्यम से संकरी गलियों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का सर्व किया। ड्रोन के माध्यम से कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। हाल ही में संभल जिले में हुए बवाल को देखते हुए एसएसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को चौकन्ना रहने के साथ-साथ अपने-अपने क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा उठाते हुए फ्लैग मार्च करने और ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बा औरंगाबाद के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च करते हुए कैमरे से निगरानी की है। ड्रोन कैमरे की मदद से घरों की छतों की निगरानी की गई है। साथ ही लोगों से ईंट, पत्थर, कांच की बोतल इकट्ठा न करने की अपील की गई है। साथ ही हिदायत दी गई है अगर कोई ऐसा करता पाया गया। निरीक्षण के दौरान ये वस्तुएं पाई गई, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## तीन महीने की मासूम की पटक पटक कर पडोसी ने की हत्या



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर । कोतवाली क्षेत्र के गांव हिनोट में एक पड़ोसी ने तीन महीने के मासूम की सड़क पर पटक-पटककर हत्या कर दी आरोपी का दो दिन पहले उसके पिता से विवाद हुआ था इसका बदला लेने के लिए आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया आरोपी बच्चे को उसकी मां के पास से उठाकर ले गई थी पुलिस ने मासूम की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया तीन महीने के मासूम मां के पास सो रहा थी इसी दौरान आरोपी उसे उठा कर ले गई थी तीन महीने की मासूम मां के पास सो रही थी इसी दौरान आरोपी उसे उठा कर ले गई मां के पास शो रही थी बच्ची घटनास्थल पर लोगों के द्वारा सुनने में यह आया है कि पड़ोसियों के आपसी विवाद के कारण यह मामला इस कदर बढ़ गया कि आरोपी ने तीन महीने की बच्ची को भी नहीं बख्शा तीन महीने की बच्ची के पिता मजदूरी का कार्य करता है जो की आज सुबह मजदूरी करने के लिए घर से निकल गया था जब पिता को बेटी की घटना के बारे में जानकारी मिली तो पिता के पैरो से जमीन निकल गई घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर शिकारपुर सीओ विकास प्रताप चौहान, नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, एस आई नईम खान, पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए पुलिस ने तीन महीने की बच्ची का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है शिकारपुर नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, ने बताया कि तीन महीने की बच्ची के मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है और जो पूछताछ में जानकारी मिलेगी उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी ।

## संभल हिंसा के बाद पहले जुम्मे की नमाज पर मस्जिदों के बाहर पुलिस के जवानों की तैनाती ड्रोन से रखी गई संदिग्ध गतिविधियों पर नजर

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। ककोड/चोला मे जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया जिसको लेकर ककोड़ कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह ने ओर चोला थाना प्रभारी लोकेश प्रताप सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ नगर में मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल ग्रस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और इसके साथ-साथ ड्रोन कैमरे से पहनी नजर रखी गई इसके साथ-साथ नगर व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम की सभी मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में संवेदनशील अति संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल द्वारा घूम कर सौहाध्दै बनाए रखने की अपील की गई, ककोड़ ओर चोला थाना प्रभारियों ने बताया कि सम्भल की हिंसा के बाद पुलिस बल के साथ लगातार सभी ग्रामों में गस्त और ड्रोन से पैनी नजर रखी हुई है। ओर समस्त क्षेत्र की जनता से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की दोनों प्रभारियों का कहना है कि जनता हर प्रकार से शांति बनाए रखी हैं और पुलिस को सपोर्ट कर रही है।





## पृथक पूर्वांचल राज्य की मांग को लेकर विंध्यवासिनी दरबार पहुंची पदयात्रा

मीरजापुर । पूर्वांचल राज्य जनांदोलन के तहत सूरत से शुरू हुई पदयात्रा शुक्रवार, 29 नवंबर को 23वें दिन माँ विंध्यवासिनी के दरबार में पहुँची। इस आंदोलन का उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के 28 जिलों को अलग कर पृथक पूर्वांचल राज्य का गठन करना है। पदयात्रा का नेतृत्व गुजरात प्रभारी अमित तिवारी और सूरत प्रभारी सुनील मौर्य कर रहे हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने हे भोलेनाथ बनवा दो पूर्वांचल राज्य का नारा बुलंद किया। यह यात्रा सात नवंबर को सूरत से शुरू हुई थी और झाबुआ, उज्जैन, भोपाल, सागर, मैहर, रीवा जैसे स्थानों से गुजरते हुए शुक्रवार को मीरजापुर के विंध्याचल पहुंची। यहां स्थानीय जनता ने आंदोलनकारियों का भव्य स्वागत किया। इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज राही हिंदुस्तानी और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय भी शामिल हुए। इस अवसर पर शैलेश वर्मा, सूबी बानो, उमेश मिश्र, अमल मिश्र और हरवंश पटेल जैसे कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। छोटे राज्यों से तेज विकास की उम्मीद पदयात्रा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए अनुज राही ने कहा कि यूपी प्रति व्यक्ति आय में देश में सबसे पीछे है। छोटे राज्यों के गठन से विकास तेज होता है, जैसा कि उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड में देखा गया। संगठन की महासचिव वंदना रघुवंशी ने कहा कि छोटे राज्यों में प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है, जिससे कानून व्यवस्था और विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है। पदयात्रा का समापन काशी में यह पदयात्रा दो दिसंबर को वाराणसी में बाबा काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के साथ समाप्त होगी। मीरजापुर में आंदोलन के सह प्रभारी इम्तियाज अहमद और राष्ट्रीय महासचिव वंदना रघुवंशी भी यात्रा में शामिल हुए।




## प्राथमिक विद्यालय में निकला अजगर, सहमे बच्चे



हाथरस । बिसावर क्षेत्र स्थित गांव सिकन्दरा के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की सुबह विशाल अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। बच्चे भयभीत हो गए। शैक्षिक स्टॉफ भी घबरा गया। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

विद्यालय में करीब सात फुट का अजगर निकलने से अध्यापकों और बच्चों में हड़कम्प मच गया। विद्यालय की छुट्टी के दौरान स्कूल के मेन गेट के सामने दीवार के पास विशाल अजगर ईंटों में घुसने का प्रयास कर रहा था। तभी अध्यापिका की नजर अजगर पर पड़ी और घबरा गई। अध्यापिका ने आनन-फानन बच्चों को बाहर निकलने से रोक दिया। वन विभाग की टीम को सूचना दी गई।

वन विभाग की टीम गम्भीर सिंह और मलिखान सिंह ने अजगर को पकड़ लिया तब जाकर बच्चों और स्टाफ ने राहत की सांस ली।

## वाराणसी में 13 वां राष्ट्रीय बीज सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण और टिकाऊ कृषि पर हुई चर्चा

वाराणसी ।13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन (एनएससी) 2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण, टिकाऊ कृषि और बीज प्रणाली में नवाचार जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार की कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग ने 卐बीजों के संरक्षक- बीज प्रणाली में महिलाएं, युवा और छोटे किसान卐 विषय पर चर्चा की। श्रीमती गर्ग ने अपने संबोधन में भारत में कृषि क्षेत्र में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी 33त्न से 50त्न के बीच है, लेकिन उनके कार्य को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने महिलाओं को भूमि, वित्त, प्रौद्योगिकी, और नीति-निर्माण तक समान पहुंच देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, 卐कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और इसमें महिलाओं का योगदान अमूल्य है। वे खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और सतत विकास की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हालांकि, संसाधनों और निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं तक उनकी सीमित पहुंच एक बड़ी चुनौती है।卐 श्रीमती गर्ग ने जलवायु परिवर्तन के असमान प्रभावों का भी उल्लेख किया, जो ग्रामीण महिलाओं को अधिक प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि सूखा और अनियमित वर्षा जैसी समस्याएं महिलाओं की चुनौतियों को और बढ़ा देती हैं, लेकिन इसके बावजूद महिलाएं स्थानीय बीजों के संरक्षण और टिकाऊ खेती में नवाचार कर रही हैं। तकनीकी सत्रों में फसल सुधार और बीज उत्पादन की उन्नत तकनीकों पर चर्चा हुई। जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए फसल सुधार कार्यक्रमों और मक्का उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार किया गया। सत्रों के दौरान संसाधन-कुशल खेती, मिलेट्स के महत्व, सीधी बुवाई तकनीक, और देशी बीजों के उपयोग से किसानों को सशक्त बनाने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन के दूसरे दिन की चर्चाओं ने भारतीय कृषि के भविष्य में नवाचार, समावेशिता और स्थिरता को प्राथमिकता देने की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया। यह कदम वैश्विक कृषि चुनौतियों से निपटने में भी सहायक साबित होगा।




## घरेलू कलह के चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

फतेहपुर । जिले के शुक्रवार को घरेलू कलह के चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिन्दकी कोतवाली के पुरानी बिदंकी मोहल्ला में घरेलू कलह के चलते लक्ष्मी देवी(35) पुत्री ज्वाला प्रसाद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया। जहा रास्ते पर युवती की मौत हो गई। कोतवाल अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्या युवती की मौत कारण घरेलू कलह पता चला है। जिसके चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# रावण दहन स्थल पर कब्र खोदने का प्रयास विफल, पुलिस के हस्तक्षेप से मामला सुलझा



हरदोई । पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से शुक्रवार को पिहानी कस्बे का माहौल बिगड़ने से बच गया। रामलीला मैदान के रावण दहन स्थल पर एक विशेष समुदाय की ओर से कब्र खोदकर शव दफनाने को पुलिस ने रामलीला कमेटी की शिकायत पर रोक दिया। विवादित स्थल पर कब्र खोदने आए लोगों को पुलिस ने समझा बुझाकर वापस लौटाया। रामलीला कमेटी का आरोप है कि रामलीला मैदान के रावण दहन स्थल पर कब्र खोदकर व शव दफनाकर कब्रिस्तान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे प्रशिक्षु सीओ प्रवीण कुमार यादव व निरीक्षक संजय कुमार त्यागी ने शव दफनाने से रोक दिया। मामला तनाव पूर्ण होता, इससे पहले ही पुलिस ने एक्शन में आकर मसला सुलझा दिया। शव कस्बे के मोहल्ला सर्कसपूरा के कब्रिस्तान में दफनाने का इंतजाम किया जा रहा है। रामलीला मैदान के निकट के ही निवासी नईमुद्दीन के पिता तजमली का बीमारी के चलते निधन बृहस्पतिवार को हो गया था। आज घर के ठीक सामने रावण दहन स्थल के निकट कब्र खोदकर, शव दफनाने की तैयारी चल रही थी। इसकी भनक रामलीला कमेटी को लग गई और कमेटी के सदस्यों अवधेश, अनिल गुप्ता, प्रमोद, वेद प्रकाश, कुशी आदि ने कड़ी आपत्ति जताकर पुलिस से शिकायत की। दर्जनों की संख्या में रामलीला कमेटी के सदस्य मेला मैदान पहुंच गए। तत्काल पुलिस ने रामलीला मैदान के निकट शव दफनाने से रोक दिया। उपजिलाधिकारी दीक्षा जोशी ने बताया कि शव दफनाने को लेकर उपजे विवाद को सुलझा लिया गया है।

# कोई भी कार्य लम्बित ना रहने पाएं, इस बात का रखा जाये विशेष ध्यान

## जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। सीएमआईएस पोर्ट पर प्रदर्शित रूपये 1 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। जिन परियोजनाओं का कार्य लम्बित है, सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों पर रोष व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों में निंदा की गयी। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्ण किया जाए। कार्यदायी संस्थाओं में उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम लि0, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, एचएससीसी (इंडिया) लि0, उत्तर प्रदेश जल निगम (अरबन) निर्माण, सी0एण्डडी0 एसओयू–31, सी0एण्डडी0 एसओयू–45, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, यूपीओ स्टेट कन्0 एण्ड इन्फ्रा0 डवलपमेंट कारपोरेशन लि0, नगर पालिका परिषद लोनी द्वारा कुछ परियोजनओं के कार्य समयान्तराल में पूर्ण नहीं किये गये जिसके लिए जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिक लम्बित परियोजनाओं की कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से परियोजनाओं के पूर्ण कराने का समय मांगा गया और कार्य के लम्बित होने का कारण सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिये। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि यदि उक्त समय तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्य की जायेगी।

# मोहनसराय हाईवे ओवर ब्रिज के नीचे चलती कार बनी आग का गोला

वाराणसी । रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय हाईवे ओवर ब्रिज के पास सर्विस लेन पर शुक्रवार अपराह्न में एक तेज रफ्तार कार आग का गोला बन गई। कार सवारों ने किसी तरह कार रोक कर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हाईवे पेट्रोलिंग के आरपीओ ने साथी पुलिस कर्मियों के मदद से अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि शार्ट सर्किट से कार में आग लग गई। सोनभद्र घोरावल निवासी शुभम कुमार जाइलो कार से राजातालाब की ओर आ रहे थे। कार मोहनसराय ओवर ब्रिज के सर्विस लेन पर पहुंची ही थी कि अचानक उसमें आग लग गई। शुभम ने साहस का परिचय देकर कार को सड़क किनारे खड़ा कर तुरन्त कार से किसी तरह निकल गए। हाईवे पेट्रोलिंग के आरपीओ संजीव कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना हैं।

# लखीमपुर महोत्सव समापन पर लोक कलाकारों ने बांधा समां



लखीमपुर खीरी । मेंढक मंदिर ओयल में लखीमपुर महोत्सव के भव्य और आकर्षक मंच, चकाचौंध कर देने वाली प्रकाश की रंगबिरंगी किरणों, छोटे बड़े कलाकार, मंच पर थिरकते कलाकार, बरबस ही दर्शकों को एकटक निहारने को मजबूर कर रहे थे। रात की शमा ऐसी जली कि बस हर कोई अपनी जगह पर बैठा ही रह गया। वातावरण में गूंजती हजारों तालियों की गड़गड़ाहट का क्रम रुक-रुककर देर शाम तक चलता रहा। लखीमपुर महोत्सव के मुक्ताकाशीय मंच पर विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत ओयल प्रतिभा ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मेंढक मंदिर ओयल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के बाद गुरुवार देर शाम लखीमपुर महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह के मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के संयोजकों और सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान की गई आतिशबाजी ने दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण है कि तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 सफलता के परचम को लहरा रहा है। महोत्सव में अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर जनता का इस शीतलहर में भी मनोरंजन किया। महोत्सव के पीछे की धारणा भी यही है कि हम लोक परंपरा व लोककला को प्रोत्साहित करें। नए कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करें। विधायक सदर योगेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर लखीमपुर खीरी के पांच अलग-अलग स्थानों पर अभूतपूर्व और ऐतिहासिक महोत्सव का आयोजन हुआ। इस तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 की सफलता का राज जिलाधिकारी की परिकल्पना में छिपा है। निश्चित तौर पर यह जनपद के लिए एक ऐतिहासिक पल बना है।

# समयांतराल में गुणवत्तापूर्ण करें उद्योग बंधुओं की समस्याओं का समाधान-जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विभागीय अधिकारियों एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक की गई। बैठक में स्वदेशी पॉलिटिक्स कंपाउंड कवि नगर गाजियाबाद में सब फायर स्टेशन बनाए जाने के संबंध में स्वदेशी पॉलिटिक्स द्वारा प्रस्तुत डीपीआर का एक सप्ताह के अंदर परीक्षण कर उपलब्ध कराए जाने हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया तथा आगामी उद्योग बंधु बैठक में उक्त की प्रगति प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सौर ऊर्जा मार्ग ब्रिज विहार स्थित पुलिया के निर्माण के संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिया के निर्माण से पूर्व विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य 15 दिसंबर को प्रारंभ कर दिया जाएगा एवं लगभग 01 माह में पूर्ण हो जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा उक्त की पुष्टि किए जाने हेतु साहिबाबाद औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि श्री संजीव त्यागी को करने हेतु निर्देशित किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर आरटीओ प्रवर्तन एवं पुलिस विभाग को नियमित रूप से चालान किए जाने तथा बैठक में उपस्थित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियो को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों को रोड साइड में खड़ा करवाए तथा स्थाई रूप से कोई भी वहां सड़कों पर खड़ा ना किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों को जनपद में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। औद्योगिक क्षेत्र एसएससी जीडी रोड, गाजियाबाद में विद्युत विभाग द्वारा कराई जा रहे हैं विद्युत अवस्थाना सुधार संबंधी कार्यों के पूर्ण कार्य जाने तथा से शेष कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के संबंध में औद्योगिक संगठनों द्वारा विद्युत विभाग की प्रशंसा की गई। जिलाधिकारी द्वारा शेष कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रगति से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। ईएसआईसी अस्पताल साहिबाबाद में उपलब्ध सुविधाओं एवं श्रमिकों एवं मरीजो को दिए जाने वाले उपचार के संबंध में स्पष्ट जांच कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया। दिल्ली सहारनपुर रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराई जा रहे पेचवर्क एवं डामरीकरण के कार्य पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को उक्त सड़क एवं नल की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए इसका स्थाई समाधान निकाल कर नए एस्टीमेट बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं उक्त एस्टीमेट को शासन को प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ट्रोनिका सिटी लोनी औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन की स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा उप महाप्रबंधक यूपीएसआईडीए को अग्निशमन केंद्र की स्थापना हेतु एस्टीमेट तैयार कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सिखेड़ा रोड औद्योगिक क्षेत्र में 500 मी खंडजे के निर्माण के संबंध में जिला पंचायत द्वारा किए जा रही टेंडर प्रक्रिया में उत्पन्न एफडीआर वेरिफिकेशन की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत परिषद के प्रतिनिधि को संबंधित बैंकों के संपर्क नंबर एवं प्रकरण का विवरणअग्रणी जिला प्रबंधक एवं उपायुक्त उद्योग को उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। शिबली औद्योगिक क्षेत्र नियर गंगा नहर मुरादनगर की मुख्य सड़क के निर्माण के संबंध में जिला पंचायत परिषद के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त सड़क एवं नालियों के निर्माण हेतु एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है जो आगामी बोर्ड बैठक में रखकर स्वीकृत कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद मुरादनगर द्वारा का निर्धारण एवं नामांतरण अप विधि 2018 सरकारी रिजल्ट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित शासनादेश के क्रम में गृह कर की दरें नए शासनादेश के अनुसार ही जमा किया जाय तथा डॉक्टर टैक्स को जमा करने की अवधि 31 दिसंबर 2024 तक निर्धारित की गई। जिलाधिकारी द्वारा औद्योगिक संगठन के अनुरोध पर उनका हाउस टैक्स शीघ्र जमा कराए जाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुरादनगर को निर्देशित किया गया। नगर निगम से संबंधित सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा उठान आदि समस्याओं पर जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा उनकी ओर से नगर आयुक्त नगर निगम को पत्र प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत संचालित निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष प्रकट करते हुए कड़े निर्देश दिए गए कि सभी विभाग निर्धारित समय अंतर्गत प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जनपद की रैंकिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को सभी प्रकरणों पर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद प्रकट करते हुए बैठक का समापन किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, श्रीनाथ पासवान द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गाजियाबाद के सहायक पर्यावरण अभियंता के संतोष, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गाजियाबाद, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण गाजियाबाद, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लिमिटेड, उपमहा प्रबंधक यूपीएसआईडी ए गाजियाबाद, सहायक आयुक्त खाद्य विभाग गाजियाबाद, औषधि निरीक्षक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन गाजियाबाद, परियोजना अधिकारी यूपीएसआइडीए ट्रॉनिका सिटी, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला पंचायत परिषद गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता, सिविल, नगर निगम गाजियाबाद एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# 14,580 से 7020 रुपये हुआ वार्षिक गृहकर, महापौर की अध्यक्षता में हुआ समाधान



लखनऊ । नगर निगम में आयोजित जीआईएस समाधान दिवस में बढ़े गृहकर की आपत्तियां मौके पर निस्तारित की गईं। एक भवन स्वामी का जीआईएस सर्वे की गड़बड़ी से 14,580 रुपये हुआ गृहकर 7,020 में निस्तारित हुआ। शुक्रवार को त्रिलोकीनाथ हॉल में समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ की। इस दौरान सभी आठ जोन से कुल 48 आवासीय व व्यवसायिक बढ़े गृहकर की आपत्तियां भवन स्वामी लेकर पहुंचे। महापौर ने एक-एक करके सभी आपत्तियां सुनीं और संबंधित जोन के अधिकारियों व जीआईएस टीम से भवन की फोटो व साक्ष्य का परीक्षण करके निस्तारित कराईं। इनमें अलीगंज सेक्टर-एम, वार्ड लाला लाजपत राय निवासी तनु पांडेय का जीआईएस सर्वे से आवासीय वार्षिक गृहकर 14,580 आया था, जो संशोधित करके 7,020 रुपये किया गया। इसी तरह एच, निशातगंज लेन काल्विन कालेज के पास रहने वाले राम कुमार खन्ना का गलत मूल्यांकन से 14,480 वार्षिक गृहकर 11,520 रुपये किया गया। एल्डिको-1, शारदा नगर प्रथम वार्ड निवासी जानकी बल्लभ दुर्गापाल का 28,350 से 21,600 रुपये गृहकर किया गया।

# जनपद हापुड़ में जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़। जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई दिया। अधिकारियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी के साथ ड्रोन की मदद से पुलिस ने विभिन्न इलाकों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी और सभी से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। थाना प्रभारी ने अपने-अपने इलाके में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। संभल में हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड में नजर आया। शुक्रवार को पुलिस बल ने जगह-जगह पैदल मार्च किया। संवेदनशील, अति संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस ने पैनी निगाह रखी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हुई। क्षेत्राधिकारी व थानाप्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील व मस्जिदों पर उपस्थित रहकर एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी व सतर्क दृष्टि रखी गई।

# 17 लाख के बैंक बकायादार की दुकान को नायब तहसीलदार सिटी ने किया कुर्क



गोरखपुर । 16 लाख नब्बे हजार तीन सौ तीन रुपए के बैंक बकायादार की दुकान को सदर तहसील प्रशासन ने कुर्क किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने अपने सहयोगी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी बड़े बकायदार को छोड़ा ना जाए। उनसे शत प्रतिशत बकाया वसूली किया जाए। जिसके अनुपालन में सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह के निर्देशन में नायब तहसीलदार सिटी देवेंद्र यादव ने लगभग 17 लाख बैंक बकायादार नीरज यादव की दुकान को दुर्गा चौक स्थिति पर कुर्क किया। इस दौरान अमीन महेंद्र पांडे संतोष पांडे राजेश पांडे राजू कुमार और जयप्रकाश मिश्रा का सहयोग रहा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर ने बताया कि सदर तहसील अंतर्गत बैंक बकायादार के खिलाफ तहसील प्रशासन की कार्रवाई चलती रहेगी। इसलिए बड़े बजायदार अपने-अपने बकाया राशि को बैंकों में जमा कर दें।

# एसपी सहित 18 पुलिसकर्मियों पर दर्ज केस 24 घंटे में खत्म, सिपाही ने लगाया था आरोप

लखनऊ । वसूली के आरोप में चंदौली के तत्कालीन एसपी समेत 18 पुलिसकर्मियों पर दर्ज मुकदमा 24 घंटे के भीतर ही खत्म कर दिया गया। दरअसल, साल 2021 में मुगलसराय पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप लगा था। यह आरोप चंदौली में तैनात सिपाही अनिल कुमार ने लगाया था। इतना ही नहीं सिपाही ने प्रति माह 12.50 लाख रुपये वसूली के रेट की सूची सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी थी। जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया था। इस कार्य पर सिपाही को बर्खास्त कर जेल भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि जो रेट लिस्ट सिपाही ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की थी, उसमें चंदौली के तत्कालीन एसपी अमित कुमार द्वितीय और मुगलसराय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक तक के रेट तय होने की जानकारी दी गई थी। इस मामले की जांच डीआईजी विजिलेंस ने की थी। बर्खास्त सिपाही ने अपहरण कर हत्या का लगाया था आरोप आरोप लगाने वाले सिपाही अनिल कुमार सिंह के मुताबिक उसे बर्खास्त करने के बाद भी उसका उत्पीड़न किया गया। साल 2021 में पांच सितंबर के दिन अपनी ससुराल पहुंचे अनिल कुमार का अपहरण कर लिया गया और हत्या करने की कोशिश की गई, अपहरण व हत्या का आरोप आरोपित पुलिसकर्मियों पर लगा। इस बीच पीड़ित सिपाही के परिजनों ने पूरे मामले की सूचना उच्च अधिकारियों की दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद भी पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाने का सिलसिला जारी रहा,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके आद अनिल ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद कोर्ट ने मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश जारी किया।

बुधवार की रात गाजीपुर के नंदगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ और 24 घंटे के भीतर पुलिस ने मुकदमा स्पंज भी कर दिया।

गाजीपुर के एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि सिपाही ने मुकदमा झूठे तथ्यों के आधार पर दर्ज कराया था, सिपाही बर्खास्त है, उस पर कई मामले पहले से दर्ज हैं।

# बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गजालपुर मंदिर के पास एक यात्री चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी मौके पर दर्दनाक मौत

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़। जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गजालपुर मंदिर के पास एक यात्री चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस फोर्स व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक की पहचान नंदकिशोर पुत्र सुभाष निवासी रामपुर भूड़ थाना सिरौली जनपद बरेली के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला शुक्रवार का है जब 34 वर्षीय नंदकिशोर पद्मावत एक्सप्रेस में सवार होकर यात्रा कर रहा था जो कि चलती ट्रेन से गिर गया। मामले की जानकारी मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे तो देखा कि खम्भा संख्या 98/19 पर पटरी के बीच व्यक्ति का शव पड़ा था। मृतक की जेब से दिल्ली से मुरादाबाद का टिकट मिला है जिसकी पहचान नंद किशोर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।



# क्रीड़ा भारती वाराणसी इकाई की पहल, पहली बार रन फॉर राम का आयोजन

वाराणसी । क्रीड़ा भारती वाराणसी इकाई की ओर से आगामी 01 दिसम्बर रविवार को काशी में पहली बार रन फॉर राम 5 किमी की दौड़ का आयोजन किया गया है। यह दौड़ रविवार को प्रातः 06 बजे शास्त्री घाट वरुणापुल से शुरू होगी । शास्त्री घाट, जे पी मेहता कालेज, सनबीम स्कूल वरुणा, सेंट्रल जेल रोड, चुंगी तिराहा, संत अतुलानंद स्कूल गिलट बाजार, सदर तहसील,भोजूवीर, अर्दली बाजार, पुलिस लाइन चौराहा, कचहरी चौराहा, एसबीआई भवन होते हुए वापस दौड़ का समापन शास्त्री घाट पर होगा । शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन अध्यक्ष राहुल सिंह, जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह,उपाध्यक्ष विभोर भृगुवंशी ने संयुक्त रूप से ये जानकारी दी। राहुल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भजन संध्या के साथ रविवार को ही सायंकाल 5 बजे श्री काशी विश्वनाथ धाम प्रांगण में किया जायेगा। इसके पूर्व क्रीड़ा भारती अवध प्रान्त की ओर से इस दौड़ को अयोध्या में करवाया गया था। अयोध्या के पश्चात अब काशी में दौड़ का अनूठा आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पंजीकरण निःशुल्क है। और इस अनूठे आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ आम जन मानस में स्वस्थ शरीर, खेल के साथ सनातन परम्परा, कुटुम्ब प्रबोधन और सर्व समाज सामाजिक समरसता का भाव जागृत करना हैं। इसीलिए इस दौड़ में यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई स्कूल के 14 वर्ष के ऊपर के बच्चों से लेकर समाज के हर वर्ग के लोग प्रतिभाग करेंगे। इसी के साथ पहली बार विजेताओं को परिवार अर्थात कुटुम्ब सहित पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विजेता महिला पुरुष एथलीट को 11100 , द्वितीय को 9100, तृतीय को 8100 के क्रम दसवें स्थान तक 1100 की नगद धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रथम 101 खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। प्रथम 700 पंजीकृत एथलीटों को टी-शर्ट और सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।

# ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों की ट्रेनिंग हुई संपन्न चार चरणों में ब्लॉक वार दिया गया प्रशिक्षण

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़,। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह (डीटीओ) की नेतृत्व में जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने के प्रयास जारी हैं।

इसी क्रम में क्षय रोग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत एवं फैमिली केयर गिवर कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक प्रशिक्षण दिया गया है। ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों के लिए आयोजित प्रशिक्षक का अंतिम चरण शुक्रवार को हापुड़ ब्लॉक पर संपन्न हुआ। डीटीओ डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि 20 नवंबर को सिंभावली, 21 नवंबर को धौलाना, 22 नवंबर को गढ़ व 29 नवंबर को हापुड़ ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मास्टर ट्रेनर डॉ. राजेश सिंह खुद मौजूद रहे। इस मौके पर जिला पीपीएम समन्वयक सुशील कुमार चौधरी ने ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों को टीबी के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही यह भी बताया कि टीबी रोग का प्रसार कैसे होता है। किसी परिवार में क्षय रोगी होने पर हमें क्या- क्या सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। जिला पीपीएम समन्वयक ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए ग्राम स्वास्थ्य समिति के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत के लिए काम करने के बारे में बताया गया। उन्होंने बताााकि हमें ग्राम पंचायत डेवलप प्लान (GPDP) के माध्यम से ग्राम पंचायतों में क्षय रोग के संबंध में प्रचार प्रसार कराना है साथ की ग्राम पंचायतों को टीबी करने के लिए शासन द्वारा दिए गए इंडिकेटर्स पर काम करना है। उन्होंने बताया कि प्रति एक हजार की आबादी पर 30 लोगों की जांच पहला और अनिवार्य चरण है।

उन्होंने अभियान के दौरान विभाग की ओर से हमेशा सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन भी ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिव को दिया।

# लोकसभा में सप्ताह के आखिरी दिन भी नहीं चला प्रश्नकाल



नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने आज फिर हंगामा और शोरशराबा किया जिसके कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्ष के सदस्य अपनी मांगों को लेकर खड़े हो गए और सदन में चर्चा की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने सदस्यों की बात अनसुनी कर प्रश्न काल जारी रखा तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा तेज हो होने लगा। प्रश्नकाल में सबसे पहला मुद्दा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का आया जिसमें मंत्री, सदस्य का सवाल और शोर शराबे के कारण सुन नहीं पाए और उन्होंने दोबारा प्रश्न करने का आग्रह किया। हंगामे के बीच सदस्य ने दोबारा सवाल किया जिसका स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेप नड्डा ने लंबा जवाब दिया लेकिन शोर शराबे में कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था। हंगामा नहीं थमा तो श्री बिरला ने सदस्यों से कहा देश की जनता चाहती है कि उनके सवाल यहां पर उठे। यह सदन उनकी आशा और आकांक्षा का मंदिर है और उसमें सबको सहयोग करना चाहिए। आज महत्वपूर्ण विषय है। प्रश्नकाल आपका समय है इसलिए आपसे आग्रह है कि प्रश्नकाल चलने दें। देश की जनता माननीय सांसदों के बारे में और अपने मुद्दों को लेकर चिंता कर रही है। सदन सबका है इसलिए सदन चलने दीजिए। आपके जो मुद्दे हैं उन सब पर बोलने का आप सबको मौका दिया जाएगा।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण से नहीं मिल रही राहत, एक्यूआई 'बहुत खराब'



नई दिल्ली । दिल्ली में वायु प्रदूषण से स्थिति लगातार खराब हो रही है, शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह 7 बजे राजधानी का औसत एक्यूआई 332 दर्ज किया गया, जबकि कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 के 'गंभीर' स्तर को भी पार कर गया। दिल्ली -एनसीआर के अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ गई है। आंकड़ों के अनुसार, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 272, गाजियाबाद में 258, नोएडा में 249, गुरुग्राम में 258 और फरीदाबाद में 166 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 0-50 एक्यूआई 'अच्छा', 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब', 401-450 'गंभीर' और 450 से ऊपर 'गंभीर प्लस' माना जाता है। इस बीच, दिल्ली ने गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात का सामना किया, जब न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर से निपटने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी ग्रैप-4 उपाय, जो स्कूलों से संबंधित नहीं हैं वह अगले सुनवाई तक प्रभावी रहेंगे। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने ग्रैप-4 के दिशानिर्देशों के पालन में लापरवाही पर भी चिंता जताई थी। कोर्ट ने अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। इसके साथ ही, राज्य सरकारों को यह भी निर्देश दिया था कि वह निर्माण कार्यों पर लगी रोक से प्रभावित निर्माण श्रमिकों के लिए एकत्रित लेबर सेस का उपयोग करें। प्राधिकरणों ने ग्रैप-4 के तहत कई प्रतिबंध लागू किए हैं, जिनमें गैर-आवश्यक ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगाना शामिल है, सिवाय उन ट्रकों के जो आवश्यक वस्तुएं लेकर आ रहे हैं या जो स्वच्छ ईंधनों जैसे एलएनजी, सीएनजी, बीएस-6 डीजल या बिजली से चल रहे हैं।

# भाजपा ने प्रश्नकाल काल, नियम 280 को लेकर सदन से बहिर्गमन किया

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल के नियम 280 के तहत उठाए जाने वाले मुद्दों को सूचीबद्ध सदस्यों द्वारा पढ़ा हुआ मान लिए जाने की घोषणा किए जाने के बाद विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। उन्होंने इस बात पर भी विरोध जताया कि तीन दिवसीय सत्र में प्रश्नकाल की व्यवस्था नहीं की गई, ताकि विधायक सरकार से सवाल कर सकें। विधानसभा की शुरुआत पिछले साल बस मार्शलों को उनकी नौकरी से हटाने के मुद्दे पर चर्चा के साथ हुई।

# दिल्ली में फेफड़ों के कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए जांच कार्यक्रम शुरू किया गया



नई दिल्ली । फेफड़ों के कैंसर का जल्द पता लगाने के उद्देश्य से भारत का पहला 'लंगलाइफ स्क्रीनिंग' कार्यक्रम दिल्ली के एक निजी अस्पताल से शुरू किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) से बृहस्पतिवार को यह कार्यक्रम शुरू किया गया। एसीसी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, देश में सभी प्रकार के कैंसरों के कुल मामलों में से 5.9 प्रतिशत मामले फेफड़ों के कैंसर के होते हैं तथा कैंसर के कारण होने वाली मौत के मामले में इसकी हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवित रहने की दर और उपचार के परिणामों में सुधार लाना है। इसमें कहा गया है कि इस कार्यक्रम के तहत उन लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया जिनके इस बीमारी के ग्रस्त होने का खतरा अधिक है। इनमें वे लोग शामिल हैं, जिनकी उम्र 50 से 80 वर्ष के बीच है, जो पहले धूम्रपान करते हों या जिनके परिवार में किसी को पहले फेफड़ों का कैंसर हुआ हो।

# धनखड़ शनिवार को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर

नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे और राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनखड़ 30 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश के दोईमुख और ईटानगर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति राज्य के दोईमुख के रोनो हिल्स में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। श्री धनखड़ यात्रा ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के विशेष विधानसभा सत्र को भी संबोधित करेंगे।

# दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन, मोदी करेंगे उद्घाटन



नई दिल्ली । राजधानी के भारत मंडपम में 06 दिसम्बर से पूर्वोत्तर राज्यों के तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अष्टलक्ष्मी महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम के हॉल नंबर 14 में 06 से 08 दिसम्बर तक आठ राज्यों - असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम के अलग अलग थीम पर पवेलियन बनाये जाएंगे। मुगा सिल्क और एरी सिल्क के दो पंडाल अलग से लगाए जाएंगे। हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के लिए एक जीआई पवेलियन भी होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों के संगीत की शाम भी होगी, जिसमें शिलांग के बैंड एवं कई संगीत समूह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर एक डाक टिकट जारी किया जाएगा। पूर्वी एशिया के विभिन्न देशों के राजनयिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। हर राज्य के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर क्षेत्र को विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने की इच्छा रखते हैं। यह आसियान देशों के लिए भारत का द्वार है। आन वाले समय में इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की कोशिश की जाएगी।

# महायुति की बैठक हुई रद्द, एक नाथ शिंदे सातारा हुए रवाना



नई दिल्ली । महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। क्योंकि, अभी तक न ही भाजपा विधायक दल की बैठक हुई और न ही महायुति की बैठक हुई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया गया था और विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो चुका है। लेकिन, अभी तक महायुति से महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, हाल ही में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उन्हें भाजपा का मुख्यमंत्री भी मंजूर है। महायुति और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम समर्थन करेंगे। एकनाथ शिंदे के इस बयान के बाद कयास लगाए जाने लगे कि देवेंद्र फडणवीस ही महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे में एकनाथ शिंदे की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़ा होगा। क्या वह महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम बनकर काम करने के लिए तैयार होंगे, या फिर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे? गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद कयास लगाए जाने लगे कि महायुति में सबकुछ ठीक है और शुक्रवार को महायुति की बैठक में सीएम के नाम का ऐलान हो जाएगा। लेकिन, इस बैठक को उस वक्त टालना पड़ा जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक अपने गांव सातारा चले गए। कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे को केंद्र की ओर से केंद्रीय मंत्री बनाने का प्रस्ताव भी दिया गया है। इसके अलावा डिप्टी सीएम का पद ऑफर भी दिया गया है। अगर एकनाथ शिंदे केंद्रीय मंत्री बनने पर सहमति देते हैं तो उनके गुट से किसी को डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। माना जा रहा है कि अब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक एक दिसंबर को हो सकती है। इस दौरान दो ऑब्जर्वर्स की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जा सकता है।

# ग्रेटर नोएडा में खेलते समय सोसाइटी के फ्लैट से गिरा 14 साल का बच्चा, मौत

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के हाईराइज सोसाइटी में एक बड़ा हादसा हुआ। बालकनी में खेलते समय 14 साल के एक बच्चे की नीचे गिरकर मौत हो गई है। बच्चा 14वें फ्लोर पर अपने फ्लैट की बालकनी में खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक बच्चा खेलते वक्त अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद बच्चे के परिवार में कोहराम मच गया है। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे हादसे के बारे में सूचना मिली थी। बताया गया था कि पैरामाउंट इमोशंस हाउसिंग सोसाइटी में 14 साल का एक बच्चा अपने फ्लैट की बालकनी में खेल रहा था। खेलते वक्त वह बालकनी से नीचे गिर गया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बच्चे की उम्र करीब 14 वर्ष है और उसका नाम प्रांशु है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि हाईराइज सोसाइटी से गिरकर मौत का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें बच्चों और बुजुर्गों की ऐसे ही हादसों में जान जा चुकी है। हर बार यह देखने को मिला है कि बालकनी में लगे लोहे के ग्रिल काफी की छोटी हाइट होने की वजह से हादसे हो रहे हैं। इसके लिए संबंधित अथॉरिटी से कई बिल्डरों को बताया गया है कि वह अपनी बिल्डिंग में मानकों के हिसाब से ही बालकनी में लोहे की रेलिंग लगवाएं, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके। इसके साथ-साथ परिजनों को भी अपनी सोसाइटी में काफी ऊंचाई वाले फ्लैट में जाल लगवाने के लिए जागरूक किया जा चुका है।

# विंडसर पैलेस के पास धंसी सड़क

नई दिल्ली । विंडसर पैलेस के पास शुक्रवार को अचानक सड़क धंस गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस व संबंधित प्रशासन को दी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और गड्ढे की चारों तरफ से घेराबंदी कर दी। सड़क धंसने के कारण सी-हेक्सागन से विंडसर पैलेस की ओर जाने वाले अशोक रोड पर यातायात की आवाजाही बाधित रही। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे सूचना मिली कि विंडसर प्लेस के निकट सड़क धंस गई है। लोगों ने बताया कि यह गड्ढा धीरे-धीरे बड़ा हो रहा है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार छह महीने के भीतर सड़क धंसने की यह चौथी घटना है। लोगों ने संबंधित प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।




# सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की, दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए तत्काल मंजूरी मांगी

नई दिल्ली । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को मुलाकात कर अल्पावधि कृषि ऋण सीमा में सुधार, 10,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और मेकेदातु संतुलन जलाशय एवं कलसा बंडूरी परियोजनाओं के लिए तत्काल मंजूरी दिए जाने का अनुरोध किया। संसद परिसर में हुई बैठक में सिद्धरमैया ने कृषि, जल संसाधन और शहरी बुनियादी ढांचे सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई प्रमुख मामलों में हस्तक्षेप किए जाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एवं सिंचाई मंत्री डी के शिवकुमार, ऊर्जा मंत्री के. जे. जॉर्ज और शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) ने कर्नाटक के लिए अल्पकालिक कृषि ऋण सीमा में भारी कटौती की है जो 2023-24 में 5,600 करोड़ रुपये से घटकर 2024-25 में केवल 2,340 करोड़ रुपये रह गई है। उन्होंने कहा कि 58 प्रतिशत की इस कटौती से किसानों की सस्ते कर्ज तक पहुंच गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री को दिए ज्ञापन में कहा, ''मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस पर गौर करें और वित्त मंत्रालय को इस स्थिति को सुधारने का निर्देश दें ताकि कर्नाटक में किसानों को रियायती दर पर सस्ता कृषि ऋण मिलता रहे।'' उन्होंने अपर भद्रा परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपये दिए जाने का अनुरोध किया। इस परियोजना का उद्देश्य मध्य कर्नाटक के सूखाग्रस्त कृषि भूमि की सिंचाई करना है। यह परियोजना 2023-24 के केंद्रीय बजट के बाद से लंबित है। उन्होंने दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं - कावेरी नदी पर मेकेदातु संतुलन जलाशय और महादयी नदी पर कलसा बंडूरी परियोजना - को अनुमति देने पर भी जोर दिया।

दोनों ही परियोजनाओं के लिए जल शक्ति और पर्यावरण मंत्रालयों की अनुमति की प्रतीक्षा की जा रही है। सिद्धरमैया ने प्रौद्योगिकी के केंद्र और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शीर्ष योगदान देने वाले के रूप में बेंगलुरु की स्थिति को रेखांकित करते हुए शहरी और सार्वजनिक परिवहन के लिए विशेष सहायता का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, कर्नाटक ने 13 उभरते नगर निगमों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपए दिए जाने का आग्रह किया। राजकोषीय आवंटन के मामले में मुख्यमंत्री ने 15वें वित्त आयोग से प्रतिकूल सौदा मिलने की शिकायत की, जिसके तहत इसके कर हिस्से को एक प्रतिशत कम कर दिया है। सिद्धरमैया ने सरकार से मुआवजा अनुदान प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भविष्य के वित्त आयोग कर में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वाले राज्यों को दंडित न करें। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा से भी मुलाकात की और उन्हें वायनाड से सांसद चुने जाने पर बधाई दी।

# धमाके के एक दिन बाद निजी स्कूल को मिली ईमेल के जरिए बम की धमकी



नई दिल्ली । दिल्ली में रोहिणी के एक निजी स्कूल को शुक्रवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां बृहस्पतिवार को कम तीव्रता का धमका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल परिसर में गहन तलाशी के बाद धमकी महज अफवाह साबित हुई। एक अधिकारी के अनुसार, ईमेल के जरिए 'वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल' (वीजीएस) को बम की धमकी के संबंध में दिल्ली पुलिस की तरफ से सुबह 10 बजकर 57 मिनट पर सूचना मिली। स्कूल उस जगह से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां बृहस्पतिवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता और डीएफएस के कर्मचारियों ने स्कूल के पूरे परिसर की जांच की और तलाशी ली। अधिकारी ने बताया कि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल अधिकारियों ने सूचना जारी कर अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक अपने बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल की ओर से अभिभावकों को भेजे गए संदेश में कहा गया है, ''स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।''वीजीएस की प्रधानाचार्य डॉ. नमिता सिंघल ने कहा कि स्कूल की आधिकारिक ईमेल पर बम की धमकी मिली। उन्होंने कहा, ''ईमेल मिलने के बाद हमने सभी छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल से बाहर निकाल लिया।''अधिकारी ने कहा, ''पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।''इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में एक सिनेमा हॉल के पास बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है कम तीव्रता वाले इस विस्फोट से करीब 40 दिन पहले इसी क्षेत्र में स्थित सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) स्कूल के पास विस्फोट हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 326 (जी) (सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली शरारत), सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा चार और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा तीन के तहत प्रशांत विहार पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनास्थल पर विस्फोटक सामग्री फेंकने या लगाने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन का रहा परिचालन - रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी। केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरुआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं। रेल मंत्री ने कहा, भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा,



कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि रेल मदद पोर्टल के जरिए यात्री ट्रेन सर्विस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं। 3 सितंबर से 20 नवंबर 2024 के दौरान रेल अनुभव के जरिए वंदे भारत ट्रेनों पर कुल 51,346 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई।

# ग्रेटर नोएडा में पानी की बर्बादी पर लगेगा ब्रेक, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में मीटर लगाने का ट्रायल



ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में पानी की बर्बादी रोकने के लिए अल्ट्रासोनिक वाटर मीटर लगाने का निर्णय लिया है। जल विभाग ने इस योजना पर काम भी शुरू कर दिया है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 स्थित वेलेंसिया होम्स और सेक्टर 10 स्थित अरिहंत सोसायटी में वाटर मीटर लगाया गया है। एक माह तक ट्रायल चलेगा। ट्रायल सफल रहने पर इसे अन्य सोसायटी में भी लगाया जाएगा। इस मीटर को डीआरडीओ और आईआईटी चेन्नई ने मिलकर तैयार किया है। दरअसल, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लगातार भूजल स्तर गिर रहा है। इसी कड़ी में गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहा है। प्राधिकरण सिंचाई के लिए एसटीपी के पानी का इस्तेमाल कर रहा है। गंगाजल से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

अब मीटर लगाकर पानी की बर्बादी रोकने के लिए कदम बढ़ाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग को निर्देश दिए हैं कि पानी की बचत के लिए सभी बल्क वाटर यूजर्स (ग्रुप हाउसिंग सोसायटी) के यहां पानी के मीटर लगाए जाएं। ग्रेटर नोएडा में 300 से अधिक सोसायटी हैं। फिलहाल, वेलेंसिया होम्स व अरिहंत सोसायटी में यह अल्ट्रासोनिक वाटर मीटर लगाया गया है। एक महीने के परीक्षण के बाद इसे अन्य सोसायटी में लगाने का निर्णय लिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मीटर बैटरी से चलेंगे। इसमें सिम कार्ड सेंसर लगा होगा, जिससे रियल टाइम डाटा प्राधिकरण को प्राप्त हो सकेगा, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। इसे डीआरडीओ और आईआईटी चेन्नई ने मिलकर तैयार किया है।

इसे धारा नाम की कंपनी लगा रही है। इससे पानी के खर्च के हिसाब से बिल भी प्राप्त हो सकेगा। इससे लोग पानी जरूरत के हिसाब से खर्च करेंगे। पानी की बर्बादी रुकेगी। अभी एरिया के हिसाब से पानी का बिल जमा होता है। इससे पहले भी वाटर मीटर लगाने का प्लान बना था। लेकिन, मीटर को बिजली कहां से मिलेगी, यह परेशानी सामने आ रही थी। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा वासियों से पानी की बचत करने की अपील की है।

# आप के सांसदों ने संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली । दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) ने राजधानी में चरमराती कानून व्यवस्था पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। शुक्रवार को आप के सांसदों ने बिगड़ती कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में राघव चड्ढा, संदीप पाठक और पार्टी के अन्य नेताओं ने हाथ में पोस्टर लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन के घटक दल टीएमसी के सांसद भी मौजूद रहे। संजय सिंह ने कहा कि आज देश की राजधानी अपराधों की राजधानी बन गई है। इस पर केन्द्र




सरकार को जबाव देना चाहिए। मैंने सदन में नोटिस देकर गृह से दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर जवाब देने की मांग की है।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड -लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को जेल से बाहर निकालने और विदेश भेजने का दिया था भरोसा

मुंबई । एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में नया मोड़ आया है। एनसीपी नेता की हत्या में शामिल एक आरोपी ने यह स्वीकार कर लिया है कि जब बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची जा रही थी, तब उसने गुजरात की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को यह जानकारी दी। गौतम ने अधिकारियों को बताया कि हत्या की योजना बनाने के दौरान उसने लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी, जो गुजरात की जेल में बंद है। शूटर ने बताया कि इस दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को हत्या के बाद पुलिस से डरने की जरूरत नहीं होने का आश्वासन दिया था। बिश्नोई ने गौतम से कहा था कि अगर वह पकड़ा जाता है, तो भी वह घबराए नहीं, उसे जेल से कुछ ही दिनों में बाहर निकाल लिया जाएगा। शूटर गौतम ने आगे बताया कि बिश्नोई ने हत्या के लिए उसे 12 लाख रुपये देने का वादा किया था। इसके अलावा, उसे जेल से बाहर आने के बाद विदेश भेजने की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया था। गौतम की मानें तो लॉरेंस बिश्नोई ने उसे यह भी बताया कि उसके पास वकीलों की एक टीम है, जो उसकी गिरफ्तारी के बाद कुछ ही दिनों में रिहा करवा सकती है। यह पहली बार है जब लॉरेंस बिश्नोई का नाम बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में सामने आया है। इससे पहले इस मामले में बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई का नाम भी सामने आ चुका था। अनमोल का नाम हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में जांच में आया था, लेकिन अब लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी इस मामले में जुड़ने से पुलिस जांच में नया मोड़ आ गया है। बता दें कि एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। गैंग का कहना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या अभिनेता सलमान खान से उनके करीबी संबंधों के कारण की गई।

# प्रियंका गांधी ने विपक्षी सदस्यों के साथ दिखाई एकजुटता



नई दिल्ली । लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के एक दिन बाद शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा सदन पहुंची और विपक्षी सदस्यों के साथ एकजुटता दिखाते हुए उनके साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने सदन में तब प्रवेश किया जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित कई विपक्षी सदस्य संभल हिंसा और अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। प्रियंका गांधी उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए अपनी सीट के पास खड़ी रहीं। विरोध के बीच उन्होंने विपक्षी दलों के सांसदों से मुलाकात भी की और उनका अभिवादन किया। जैसे ही वह अन्य सदस्यों से मिलने के लिए विपक्षी खेमे की अग्रिम पंक्ति के करीब गईं, द्रमुक सांसद कनिमोई को उन्हें अपने साथ बैठने का इशारा करते देखा गया। प्रियंका ने कुछ देर कनिमोई से बातचीत के बाद अन्य सदस्यों का अभिवादन किया। सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी तृणमूल कांग्रेस और अन्य दलों के सदस्यों के साथ बातचीत करते देखा गया।

# उपचुनाव में भाजपा और रालोद के 7 सदस्यों ने विधानसभा में ली शपथ, पीएम मोदी-योगी के नेतृत्व पर जताई निष्ठा




लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 में से 7 सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद शुक्रवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया। जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना सहित कई विधायक मौजूद रहे। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास और पारदर्शी प्रशासन पर जोर दिया गया है। उनकी सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क परियोजनाओं ने लोगों का विश्वास मजबूत किया है। इसके अलावा, प्रदेश में अपराध नियंत्रण और धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार जैसे कदमों ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को और बढ़ावा दिया है। परिणामस्वरूप यूपी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के शानदार प्रदर्शन ने पार्टी के उत्साह में गजब का इजाफा किया है। वहीं, उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के तमाम दावे ध्वस्त हो गए। गठबंधन की तमाम कोशिशों और बड़े बड़े दावों के बावजूद, विपक्षी दल अपनी साख बचाने में नाकाम रहे। भाजपा और सहयोगी दलों की इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा योगी सरकार पर कायम है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा ने प्रदेश में अपनी मजबूत स्थिति का प्रमाण दिया है।

# मोदी की 'पकौड़ा-नॉमिक्स' में जनता के लिए पकौड़े, चुनिंदा लोगों के लिए हलवा है - कांग्रेस

नई दिल्ली । कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'पकौड़ा-नॉमिक्स' में जनता के लिए पकौड़े, लेकिन कुछ चुनिंदा लोगों के लिए हलवा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''कल जारी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की वैश्विक वेतन रिपोर्ट 2024-2025 में भारत में वेतन असमानता को लेकर कुछ चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं। भारत के शीर्ष 10 प्रतिशत आय वाले लोग सबसे निचले 10 प्रतिशत आय वालों की तुलना में 6.8 गुना अधिक कमाते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि यह पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और म्यांमा सहित पड़ोस के लगभग हर देश की तुलना में बहुत ज्यादा असमानता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''सभी निम्न और मध्यम आय वाले देशों में से भारत में नियमित वेतन प्राप्त करने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी सबसे कम है। अधिकतर श्रमिक स्व-रोज़गार में लगे हुए हैं जो आम तौर पर अनौपचारिक और कम वेतन वाला होता है। इसमें अस्थिरता की आशंका काफ़ी अधिक होती है।'' रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''याद रखिए कि यह उस 'पकौड़ा-नॉमिक्स' का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसे प्रधानमंत्री ने बनाया है। जनता के लिए पकौड़े, कुछ चुनिंदा लोगों के लिए हलवा।''

# मोदी और शाह ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा पर, डीजीपी सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा पर करेंगे चर्चा



भुवनेश्वर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को तीन दिन की यात्रा पर ओडिशा आएंगे और आज से यहां शुरू हो रहे अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने दौरे से पहले 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट करते हुए कहा, पूरे भारत के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस (डीजीपी/आईजीपी) सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत के आंतरिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श होगा। पुलिसिंग और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।' आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम के अनुसार पहले शाह ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर पहुंचेंगे और फिर शाम करीब चार बजकर 20 मिनट पर मोदी बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यक्रम के लिए की गई यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने शुक्रवार को भुवनेश्वर नगर निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों को दोपहर एक बजे बंद करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी शाम पांच बजे राजभवन जाएंगे। वह शाम छह बजे से रात साढ़े आठ बजे तक भाजपा कार्यालय में पार्टी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वह वापस राजभवन जाकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज दोपहर, मैं भुवनेश्वर में ओडिशा भाजपा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित करूंगा। इस साल जून में सत्ता संभालने के बाद से, ओडिशा की भाजपा सरकार राज्य के विकास को बढ़ावा देने में आगे रही है। राज्य सरकार गरीबों और वंचित समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय कर रही है। प्रधानमंत्री शनिवार और रविवार को डीजीपी सम्मेलन में शामिल होंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 29 नवंबर से 1 दिसंबर, 2024 तक आयोजित होने वाले सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों समेत राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने 2014 से देश भर में आयोजित होने वाले वार्षिक डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन को प्रोत्साहित किया है। इससे पहले गुवाहाटी (असम), कच्छ के रण (गुजरात), हैदराबाद (तेलंगाना), टेकनपुर (ग्वालियर, मध्य प्रदेश), स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवड़िया, गुजरात), पुणे (महाराष्ट्र), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), नई दिल्ली और जयपुर (राजस्थान) में सम्मेलन का आयोजन किया जा चुका है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राज्य मंत्री (गृह मामले), राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भी शामिल होंगे। इस बीच, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख सम्मेलन के लिए पहले ही ओडिशा की राजधानी में पहुंच चुके हैं।

# बंगाल की खाड़ी पर बना गहरे दबाव का क्षेत्र, शनिवार सुबह तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से गुजरने की संभावना



चेन्नई । बंगाल की खाड़ी पर बने गहरे दबाव के शनिवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी के बीच तट को पार करने की ''प्रबल संभावना'' है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में बना गहरा दबाव पिछले छह घंटे की अवधि में नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ा और बृहस्पतिवार रात साढ़े 11 बजे इसी क्षेत्र में बरकरार रहा। मौसम कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर ताजा जानकारी देते हुए बताया कि गहरे दबाव का क्षेत्र त्रिंकोमाली (श्रीलंका) से लगभग 240 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में, नागपट्टिनम से 330 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में, पुडुचेरी से 390 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में और चेन्नई से 430 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। उसने कहा, ''इस बात की प्रबल संभावना है कि यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 29 नवंबर तक गहरे दबाव की अपनी तीव्रता बनाए रखेगा। चूंकि उत्तर-पश्चिम की ओर इसके बढ़ते हुए हवा की रफ्तार 45-55 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहेगी, ऐसे में इसके 30 नवंबर की सुबह पुडुचेरी के पास कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार करने की संभावना है।''चेन्नई और उसके आस-पास के इलाकों में शुक्रवार सुबह तेज बारिश हुई और तापमान में गिरावट से मौसम सर्द हो गया। शुक्रवार को चेन्नई और चेंगलपेट जिलों के विद्यालयों में एक दिन की छुट्टी की घोषणा की गई।

# मंईयां सम्मान योजना के तहत महिला लाभार्थियों को दिसंबर से 2,500 रुपये मिलेंगे - सोरेन



रांची । झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महिला लाभार्थी के बैंक खाते में 2,500 रुपये हर महीने जमा किए जाएंगे। वर्तमान में सरकार इस योजना के तहत 18-50 आयु वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सोरेन ने अपनी सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने पहले ही निर्णय लिया था कि दिसंबर से इस योजना के तहत प्रत्येक महिला लाभार्थी को 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। अब दिसंबर से हर महीने महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में यह राशि जमा की जायेगी।'' मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि यह निर्णय 'मंत्रिमंडल की बैठक' में लिया गया, लेकिन दिन में किसी भी मंत्री ने शपथ नहीं ली। बाद में मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा जारी एक बयान में यह भी कहा गया कि यह निर्णय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार ने इस वर्ष अगस्त में यह योजना शुरू की थी जिससे राज्य की 50 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हुईं। चुनाव विश्लेषकों के अनुसार हाल में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने में मंईयां सम्मान योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंत्रिमंडल ने असम के चाय बागान में कार्यरत झारखंड मूल के जनजातीय समूह की दशा एवं उन्हें भविष्य में दी जाने वाली सुविधा के अध्ययन के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के गठन को मंजूरी दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बांग्लादेश से मुसलमानों की कथित तौर पर बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण झारखंड के आदिवासी समुदाय की ''दुर्दशा'' का मुद्दा बार-बार उठाया था। शर्मा झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी थे। सोरेन ने मंत्रिमंडल की अपनी पहली बैठक के निर्णयों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, ''असम में झारखंड की जनजातियों को हाशिए पर रखा जा रहा है। वहां बड़ी संख्या में झारखंड के मूल निवासी रह रहे हैं। हमने निर्णय लिया है कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल वहां की जमीनी स्थिति का अध्ययन करेगा। प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।'' मंत्रिमंडल ने राज्य के राजस्व में वृद्धि के लिए नए स्रोत ढूंढने तथा खनन क्षेत्र में लागू पुराने करों में वृद्धि करने के लिए वित्त विभाग में एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली मंत्रिमंडल ने पुलिस भर्ती के लिए भविष्य की परीक्षा प्रक्रिया की समीक्षा करने का भी फैसला किया और जेपीएससी, जेएसएससी और अन्य प्राधिकार को सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए जनवरी 2025 से पूर्व एक परीक्षा कैलेंडर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को यहां एक भव्य समारोह में राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी समेत 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। झामुमो नेता हेमंत सोरेन (49) रिकॉर्ड चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81-सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल कर अपना बहुमत बनाए रखा, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिलीं।

# महाराष्ट्र के गोंदिया में भीषण बस दुर्घटना में 9 की मौत, कई घायल



गोंदिया । महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस के आगे अचानक एक बाइक आ गई। बाइक चालक को बचाने की कोशिश करते हुए बस के ड्राइवर ने तेजी से कट मारा, जिसके चलते बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई है और कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं।

दुर्घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के अनुसार, बस का ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस सेवा को दी। इसके बाद, पुलिस और एंबुलेंस विभाग तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल यात्रियों को निकालकर गोंदिया के जिला शासकीय केटीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद शिवशाही बस को क्रेन की मदद से उठाया जा रहा है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में मारे गए और घायल यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना पर प्रदेश के कार्यवाहक डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गोंदिया जिले में सड़क अर्जुनी के पास एक शिवशाही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और कुछ यात्रियों की मृत्यु हो गई। मैं दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवार का दुख साझा करते हैं। उन्होंने आगे लिखा, इस घटना में घायल हुए लोगों का अगर किसी निजी अस्पताल में इलाज कराना भी पड़े तो उन्हें तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया गया है। मैंने गोंदिया के कलेक्टर से भी कहा है कि यदि आवश्यकता हो तो उन्हें नागपुर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करें।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत प्रयासों का समन्वय कर रहे हैं। मैं ईश्वर से इस घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# जिला में प्रातः 10 से 12 बजे तक होगा समाधान शिविरों का आयोजन- डीसी विक्रम सिंह

फरीदाबाद । डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय, नगर निगम सहित सभी उपमंडल अधिकारी कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 106 या नगर निगम और उपमंडल कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजित समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए आवेदन दे सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब के राज्यपाल कटारिया एक दिसम्बर को उदयपुर आयेंगे

उदयपुर । पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ प्रशासक माननीय गुलाबचंद कटारिया एक दिसम्बर को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कटारिया एक दिसम्बर को पूर्वाह्न 9.25 बजे उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। वहां से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 10 बजे निजी आवास आयेंगे। श्री कटारिया रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अगले दिन सोमवार सुबह डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर 9.55 बजे वायुयान से दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

### झारखंड में बिरसा मुंडा के पड़पोते मंगल सिंह मुंडा का निधन

रांची । झारखंड में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पड़पोते मंगल सिंह मुंडा का गुरुवार देर रात निधन हो गया। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पिछले तीन दिन से उनका रांची के रिम्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मंगल मुंडा के भाई जंगल सिंह मुंडा ने बताया कि हादसा 25 नवंबर को हुआ था। हम लोग रात 10 बजे रिम्स पहुंचे थे। वहां ट्रॉली मैन से कहा- ऑक्सीजन वाला बेड चाहिए। उसने कहा- बेड खाली नहीं है। डॉक्टरों ने इमरजेंसी में भी भर्ती नहीं किया। 26 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने फोन किया तब रिम्स के डॉक्टरों ने उनकी जांच शुरू की थी । बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनका बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया था।

### दुधवा बाघ अभयारण्य में मादा तेंदुआ मृत मिली

लखीमपुर खीरी । लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के संपूर्णानगर रेंज के जंगलों में एक मादा तेंदुआ मृत मिली। वन विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वन विभाग के अनुसार मृत तेंदुआ की उम्र करीब तीन वर्ष थी और उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। इसके अनुसार मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए तेंदुए को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पंजाब के धर्मकोट में बस और पिक अप जीप की टक्कर, दस लोग घायल

चंडीगढ़ । पंजाब के धर्मकोट में शुक्रवार को एक बस और पिकअप जीप के बीच टक्कर हो जाने से कम से कम दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना एक गांव के निकट उस समय हुई जब राज्य परिवहन की बस जालंधर से मोगा जा रही थी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, बस मुख्य सड़क से डिवाइडर तोड़कर पिकअप ट्रक से टकरा गई और गांव के पास सड़क के किनारे कुछ फुट नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में तीन से चार यात्री और पिकअप जीप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से यात्रियों को बस से बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि हादसे के वास्तविक घटनाक्रम का पता लगाने के लिए बस यात्रियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### राजस्थान के फ़तेहपुर में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रहा

जयपुर । राजस्थान के फतेहपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम सामान्य तौर पर शुष्क रहा। इसके अनुसार बीती रात सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा पिलानी में 7.5 डिग्री, चूरू में 8.6 डिग्री, भीलवाड़ा में 9.1 डिग्री, जयपुर में 9.3 डिग्री, संगरिया में 9.5 डिग्री, अलवर में 9.6 डिग्री और चित्तौड़गढ़ में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर और सिरोही में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली



जयपुर । भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ को एक अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार को फोन कर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। राठौड़ ने यह जानकारी दी। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। राज्यसभा सदस्य राठौड़ को जब धमकी मिली वह दिल्ली में थे। उन्होंने एक कॉल आने पर जैसे ही फोन उठाया, दूसरी तरफ से व्यक्ति ने उन्हें गालियां देते हुए धमकी दी कि वह उन्हें गोली मार देगा। राठौर ने दिल्ली से बताया, 'एक व्यक्ति ने मुझे फोन किया और गोली मारने की धमकी दी।' उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। अधिकारियों के अनुसार घटना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल और कई अन्य नेताओं ने राठौड़ को फोन कर घटना की जानकारी ली।

### महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ रुपये देने का किया ऐलान

मुंबई । महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इस संबंध में अल्पसंख्यक विभाग द्वारा गवर्नमेंट रेजोल्यूशन जारी किया गया। महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20 करोड़ तक का फंड देने का प्रावधान किया गया है। महाराष्ट्र सरकार का कहना है कि वक्फ भूमि के बेहतर प्रबंधन के लिए यह फंड जरूरी हो जाता है। इस फंड से वक्फ बोर्ड के बुनियादी ढांचे और कार्यप्रणाली को मजबूत किया जाएगा। इससे अल्पसंख्यक समुदाय के हित में प्रभावी तरीके से कार्य किए जाएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वक्फ भूमि के प्रबंधन को लेकर सवाल उठाए थे। इससे पहले, जून में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने राज्य वक्फ बोर्ड को 2 करोड़ रुपए आवंटित किए थे। इसके बाद शेष राशि बाद में जारी करने की बात कही थी। लेकिन, राज्य वक्फ बोर्ड को मिले इस रकम का विश्व हिंदू परिषद ने विरोध करते हुए इसे तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया था। वीएचपी के कोंकण डिवीजन सचिव मोहन सालेकर ने कहा था, महायुति मौजूदा समय में वही काम कर रही है, जो कांग्रेस की सरकार ने भी नहीं किया। सरकार धार्मिक समुदाय की तुष्टिकरण कर रही है। इससे पहले, महाराष्ट्र चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था, कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट की परवाह किए बगैर तुष्टिकरण के लिए कानून बनाए।

लेकिन, वक्फ के लिए कानून में कोई जगह नहीं दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा था, बाबासाहेब आंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया है, उसमें वक्फ कानून की कोई जगह नहीं है। कांग्रेस ने अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए ये काम किया। कांग्रेस अब मौजूदा राजनीति में परजीवी बनकर रह गई है। कांग्रेस की हालत अब ऐसी हो चुकी है कि उसके लिए अपने दम पर सरकार बनाना मुश्किल है।